

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

25 जून - 1 जुलाई, 2025

jagrukjanta.net

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - अमावस्या, संवत 2082 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-17, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## टीसी की ऊपरी आय का जरिया तो नहीं रेलवे के भीड़ भरे जनरल डिब्बे!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**यूं** तो आजकल कहीं भी चले जाओ, सब तरफ भीड़ ही नजर आएगी। लेकिन इसका मतलब यह तो कदापि नहीं कि भीड़ को देखकर इस संसार की गति रुक जाएगी या थोड़ा विश्राम ले लेगी। लोगों का आवागमन इतना बढ़ गया है कि बस हो चाहे रेल यात्रा हो। आसानी से हो ही नहीं सकती। अब रेलवे की ही बात करते हैं इसे सबसे आसान और सस्ती यात्रा कहा जाता है। यह किसी हद तक सच भी है, मगर इसकी असलियत तो यात्रा करने वाले ही यात्रा के समय बता सकते हैं। टिकट लेकर भी गरीब और साधारण लोग जगह नहीं मिलने पर टॉयलट के पास दरवाजे की गैलरी में बैठकर यात्रा करने को मजबूर होते हैं। लोगों की फालतू बात भी सुन लेते हैं। जबकि उस जगह पर अमूमन भिखारी टाइप के बिना टिकट के लोग बैठे रहते हैं। वैसे तो साधारण व्यक्ति भी रेल यात्रा के लिए रिजर्वेशन करवाना चाहता है, मगर अमूमन सबका रिजर्वेशन हो नहीं पाता और साधारण डिब्बे में ही यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में रेलवे टीसी भी मौके का पूरा फायदा उठाते हैं। हाल ही बीते 8 जून को सवाई माधोपुर से जयपुर आना था। कार्यवश विलम्ब होने के कारण सायंकालीन गाड़ी निकल गई। लंबे इंतजार के बाद रात्रि लगभग दो बजे सवाई माधोपुर से जयपुर की गाड़ी मिली। गाड़ी कोटा की तरफ से आई थी और सीकर लोहारू की तरफ जा रही थी। गाड़ी के सैकण्ड क्लास डिब्बे में पैर धरने को जगह नहीं। ठसाठस भरे डिब्बे में लोगों का सांस लेना भी दूभर हो रहा था। हमने टीसी से बात की, टिकट का अंतर हो वो ले लो और हमें स्लीपर में जगह दे दो। उन्होंने कहा कि रुको दो मिनट। हम रुक गए। फिर कहा कि सीट तो है नहीं, आप एक-एक सवारी के 400-400 रुपए दे दो और गैलरी में दरवाजे के पास बैठ जाओ या खड़े हो जाओ। हमने कहा कि 400-400 रुपए किस बात के देने हैं। टीसी बोला गाड़ी में चढ़ने का जुर्माना लगेगा। हमने कहा कि हम तो पूछकर बैठ रहे हैं। फिर किस बात का जुर्माना। टीसी बोला ये तो लगेगा। 400-400 रुपए नहीं, तो दोनों के 400 रुपए दे दो और दोनों खड़े हो जाओ। हम दोनों पति-पत्नी एक-दूसरे की तरफ देखने लगे। हमने पूछा कोई तो हिसाब होता होगा। टीसी से जवाब मिला। आप मेरी फोटो खींचकर ले जाओ और कर देना शिकायत। इस डिब्बे में चलना है तो देना ही पड़ेगा। अब क्या कर लेगा कोई यात्री इन कर्मचारियों का। नियम कायदे इनकी जेब में होते हैं। आम आदमी इनका क्या कर सकता है। इनको तो ऊपर की कमाई का मौका मिलना चाहिए। परेशानी भुगते आम आदमी। संबंधित अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों पर नजर रखनी चाहिए और इनको दंडित करना चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के बीच फोन पर हुई वार्ता

# यमुना जल बंटवारे पर बनी सहमति, करोड़ों को होगा फायदा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के बीच फोन पर हुई वार्ता में भिवाड़ी की जल निकासी और यमुना जल बंटवारे जैसे लंबित मुद्दों पर अहम सहमति बनी। दोनों राज्यों ने आपसी समन्वय से इन समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने का फैसला किया है। दरअसल, यह सहमति न केवल औद्योगिक और रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को हल करेगी, बल्कि यमुना जल बंटवारे के ऐतिहासिक समझौते को भी गति देगी।

#### दोनों ने स्थायी समाधान पर जोर दिया

**बताते** चलें कि भिवाड़ी का भौगोलिक स्वरूप ऐसा है कि वहां का बारिश का पानी स्वाभाविक रूप से हरियाणा की ओर बहता है। मानसून के दौरान जल निकासी में बाधा उत्पन्न होने से भिवाड़ी के उद्योगों और रिहायशी इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। बातचीत के दौरान इस मुद्दे को हल करने के लिए दोनों मुख्यमंत्रियों ने तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान के लिए सहयोग पर जोर दिया। राजस्थान सरकार ने भिवाड़ी के औद्योगिक जल को पूर्ण रूप से शोधित करने की व्यवस्था कर ली है। अब केवल शोधित जल की निकासी सुनिश्चित की जाएगी, जिसकी सख्त निगरानी भी होगी।

#### दोनों नेताओं ने सकारात्मक चर्चा की

यमुना जल बंटवारे के इस ऐतिहासिक समझौते को लागू करने के लिए दोनों राज्य संयुक्त रूप से विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेंगे। साथ ही, इस माह के अंत तक पाइपलाइन के लिए जमीनी अलाइनमेंट सर्वे शुरू किया जाएगा। यह परियोजना दोनों राज्यों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह सहमति दोनों राज्यों के बीच वर्षों से चली आ रही जल संबंधी समस्याओं को निर्विवाद रूप से हल करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है। गौरतलब है कि भिवाड़ी में जल निकासी की समस्या लंबे समय से उद्योगों और स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया शुभारंभ

# गत सरकार में प्रदेश पिछड़ा, अब विकास की दौड़ में अव्वल-शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत के अनुसार गांव, गरीब, किसान, मजदूर के सशक्त होने से ही देश की तरक्की संभव है। इस दर्शन को साकार करने के लिए राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, शिविरों में जाएँ, अपने लंबित कार्य पूरे करवाएँ और दूसरों को भी प्रेरित करें।

शर्मा ने मंगलवार को जयपुर जिले की दूदू तहसील स्थित बिचून ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी एक ऐसे महान विचारक थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका सपना था कि भारत का हर गांव और हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बने। इस पखवाड़े के माध्यम से हम विकास के उजियारे को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का संकल्प पूरा कर रहे हैं।

### मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

# जोधपुर में होगा राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि जोधपुरवासियों और प्रशासन के लिए यह हर्ष और गौरव का विषय है कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय समारोह को ज़्यादा से ज़्यादा जनभागीदारी और नवाचार के साथ भव्य और यादगार बनाएं। इसके लिए सभी संबंधित विभाग जोधपुर जिला प्रशासन के साथ समन्वय से कार्य कर तैयारियों को पूर्ण करें। मुख्य सचिव शासन सचिवालय में जोधपुर में प्रस्तावित स्वाधीनता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने आयोजन को भव्य, आकर्षक और एतिहासिक बनाने के लिए गृह, सार्वजनिक निर्माण, शिक्षा, सूचना एवं जनसम्पर्क सहित अन्य संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां आवंटित कर तैयारियों की समीक्षा की।







राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

**जागरूक जनता** ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें

ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

## गालव ऋषि की तपोभूमि का जयपुर जिला प्रशासन ने किया कायाकल्प

### जयपुर जिला प्रशासन के प्रयासों से बदली मंदिर ठिकाना गलता जी की तस्वीर

# विरासत को सहेजकर, विकास की ओर अग्रसर जयपुर का ऐतिहासिक गलता तीर्थ

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे विकास कार्यों की मॉनिटरिंग

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गुलाबी नगरी जयपुर में लाखों करोड़ो श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र गलता तीर्थ इन दिनों विरासत को सहेजकर विकास की ओर लगतार अग्रसर है। जयपुर जिला प्रशासन के प्रयासों से मंदिर ठिकाना गलता जी की तस्वीर बदली बदली नजर आ रही है। सुनियोजित विकास से पल्लवित हो रही इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर की दिव्यता एवं भव्यता को सैलानियों, श्रद्धालुओं की सराहना मिल रही है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर अशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर एवं प्रशासक मंदिर ठिकाना गलता जी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के रचनात्मक सोच और पहल से गलता तीर्थ एक बार फिर से अपने दिव्य एवं भव्य स्वरूप में लौटने लगा है। जिला प्रशासन की ओर से 11 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से मंदिर ठिकाना गलता जी के जीर्णाद्वार एवं सौन्दर्यकरण करवाया गया है। सैलानियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही है। जिला प्रशासन ने ना केवल गलता तीर्थ में पवित्र मंदिरों एवं कुंडों की साफ-सफाई के साथ-साथ जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करवाया गया है, बल्कि यहां कि ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को सहेजने का कार्य भी किया है। उन्होंने बताया किया गलता परिसर में गलता तीर्थ के इतिहास का हिन्दी व अंग्रेजी में वर्णन करने वाली शिलालेख उर्त्कीण करवाए गए हैं। गलता जी से घाट के बालाजी तक हैरिटेज पोल लगाकर सुन्दर व आकर्षक लाईटे लगाई गई है साथ ही गलजा जी तक पैदल आने-जाने हेतु पाथवे विकसित किया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा कोबल स्टोन कार्य, नाला कम पार्किंग का कार्य, स्वागत द्वार, गेन्ट्री बोर्ड, बाहरी दीवारों पर कड़ा, खमीरा कार्य, रेड सेंड कार्य, पत्थर की जालियां, सेल्फी पॉईट विकसित करवाया गया है। जिला प्रशासन के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज गलता तीर्थ का अनुपम स्वरूप एक बार फिर से सैलानियों को आकर्षित कर रहा है। साथ ही, जिला प्रशासन द्वारा मंदिर ठिकाना गलता जी के विकास लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। गलता मंदिर की व्यवस्थाओं को सुदढ़ एवं चुस्त-दुरुस्त करने के लिये जिला प्रशासन ने गलता मंदिर परिसर एवं घाट के बालाजी पर 15 नाइट वीजन तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। कैमरों के द्वारा अब जिला प्रशासन द्वारा वहां होने वाली सम्पूर्ण गतिविधियों पर अपनी नजर रख रहा है। वन विभाग द्वारा गलताजी क्षेत्र में वनावरण बढ़ाने की दिशा में प्रयास किये गए हैं साथ ही आकर्षक फूलों वाले पौधे एवं बेल भी लागाई गई है जो गलता तीर्थ की खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं।

इस शानदार मंदिर को पारंपरिक मंदिर की तुलना में भव्य महल या 'हवेली' जैसा दिखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गलताजी मंदिर में एक सुंदर और भव्य परिदृश्य है जिसमें समृद्ध हरी वनस्पतियां हैं और जयपुर शहर का एक शानदार नजारा है। यह मंदिर यहां पाई जाने वाली अनेक बंदर जनजातियों के लिए जाना जाता है तथा धार्मिक भजन और मंत्रोच्चार, प्राकृतिक वातावरण के साथ मिलकर पर्यटकों को शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं।





### समृद्धशाली विरासत समेटे हुए है गलता तीर्थ का इतिहास

अरावली पहाड़ियों से घिरा यह मंदिर कई मंदिरों, पवित्र कुंडों, मंडपों और प्राकृतिक झरनों से घिरा है। इस दिव्य भव्य मंदिर एक पहाड़ी इलाके के बीच में स्थित है जो एक खूबसूरत घाटी से घिरा हुआ है जो देशी विदेशी सैलानियों को आकर्षित करता है। गलता जी मंदिर का निर्माण दीवान राव कृपाराम ने करवाया था, जो महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय के दरबार में सेवादार थे। मंदिर परिसर का निर्माण 18वीं शताब्दी में हुआ था। मंदिर के निर्माण से पहले भी यह स्थान वैश्य रामानंदियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हुआ करता था। कई इतिहासकारों के अनुसार 16वीं शताब्दी की शुरुआत से ही गलताजी रामानंदी संप्रदाय से जुड़े साधू संतो के लिए एक आश्रय स्थल रहा है और जोगियों के कब्जे में रहा है। ऐसा माना जाता है कि संत गालव ने अपना सारा जीवन इस पवित्र स्थल पर सौ वर्षों तक तपस्या करते हुए बिताया था। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर देवता उनके सामने प्रकट हुए और उनके पूजा स्थल को प्रचूर जल से आशीर्वाद दिया। गालव ऋषि का सम्मान करने के लिए यहाँ गलताजी मंदिर का निर्माण किया गया और इसका नाम उनके नाम पर रखा गया। किंवदंती है कि तुलसीदास ने इसी स्थान पर पवित्र रामचरितमानस के अंश लिखे थे। कहा जाता है कि गालव ने कई दशकों तक यहां ध्यान किया था और उन्हें झरनों का आशीर्वाद मिला था। यही कारण है कि मंदिर परिसर का नाम ऋषि गालव के नाम पर रखा गया है। गलता तीर्थ अरावली पहाड़ियों में स्थित है और घने आलीशान पेड़ों और झाड़ियों से घिरा हुआ है। यह उल्लेखनीय इमारत चित्रित दीवारों, गोल छतों और स्तंभों से सुसज्जित है। कुंडों के अलावा, इस प्रागैतिहासिक हिंदू तीर्थस्थल में मंदिर के भीतर भगवान राम, भगवान कृष्ण और भगवान हनुमान के मंदिर भी हैं। जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक, मंदिर परिसर में प्राकृतिक मीठे पानी के झरने और सात पवित्र 'कुंड' या पानी की टंकियां हैं। इन कुंडों में, 'गलता कुंड' सबसे पवित्र है और माना जाता है कि यह कभी सूखता नहीं है। 'गौमुख', एक गाय के सिर के आकार की चट्टान से शुद्ध और साफ पानी टंकियों में बहता है।

## जागरूक खबरें

### मौर्य बने सार्वभौमिक मानवाधिकार परिषद के महासचिव नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सार्वभौमिक मानवाधिकार परिषद् विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकारिणी में सुरेश मौर्य को महासचिव पद पर राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण बाकोलिया द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया है। मोर्य को महासचिव पद पर मनोनित होने पर रवि शंकर शर्मा अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

### सप्त शक्ति कमान कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में जयपुर में सप्त शक्ति कमान कमांडर्स की बैठक में वर्तमान सुरक्षा स्थिति और सामरिक तकनीकी क्षेत्रों में इसके प्रभावों की समीक्षा की गयी। सेना के राजस्थान में जनसम्पर्क अधिकारी ले. कर्नल निखिल धवन ने बताया कि बैठक 23 और 24 जून को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने की।

### देवनानी ने बर्लिन निर्माणाधीन गणेश मंदिर का किया अवलोकन

**बर्लिन/जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन में निर्माणाधीन गणेश मंदिर का अवलोकन किया। देवनानी ने अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान बर्लिन में बन रहे इस मंदिर पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशी की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर का अवलोकन किया। मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियां और अन्य निर्माण की भी देवनानी ने जानकारी ली।

### जेईई और नीट के टॉपर्स का अभिनंदन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में अग्रणी कोचिंग इंस्टीट्यूट आकाश ने नीट और जेईई मेन्स (एडवांस्ड) परिणाम में सफल अभ्यर्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया हैं। आकाश ने अभ्यर्थियों के साथ उनकी सफलता का जश्न मनाने के लिए यहां समारोह का आयोजन किया गया और इसमें जेईई मेन्स रिजल्ट में सफल हुए छात्र और छात्राओं के साथ उनके अभिभावक, तैयारी कराने वाले शिक्षक और इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट के लोग भी शामिल हुए।

## जयपुर जोन की समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सख्त

# पेंडिंग कामों पर टाइमलाइन तय हो, नहीं तो कार्यवाही



### बाढ़ नियंत्रण के लिए हर स्तर पर सक्रियता के निर्देश,राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शासन सचिवालय में जयपुर जोन प्रथम एवं द्वितीय की सड़क व अन्य परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों की स्पष्ट समयसीमा तय करें और उन्हें निर्धारित समय में पूरा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो अधिकारी कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित रखेंगे, उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़ जिलों की सड़क परियोजनाओं की माइक्रो लेवल पर समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री ने वन, भूमि विवाद अथवा अन्य कारणों से अटकी परियोजनाओं को शीघ्र गति देने हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

#### हर हफ्ते होगी जोन वाइज समीक्षा बैठक

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी पांच सप्ताह में अधिकारी फील्ड विजिट की रिपोर्ट पेश करें, यह बताएं कि कहां निरीक्षण किया गया और वहां मिली खामियों में कितना सुधार किया गया। साथ ही, बैठक में दिए गए निर्देशों पर कितनी प्रगति हुई, इसकी विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए।

#### बाढ़ नियंत्रण को लेकर उपमुख्यमंत्री सख्त

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों से सीधे सवाल किया- "जब आपके पास जलभराव या बाढ़ की सूचना आती है, तो आप क्या एक्शन लेते हैं?" उन्होंने अधिकारियों को एक्टिव मोड में रहने और सभी आवश्यक संसाधनों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# स्मार्ट मीटर से बिलों में करंट, विभाग ने साधी चुप्पी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शहर में स्मार्ट मीटर बिजली उपभोक्ताओं को 440 वोल्ट का झटका दे रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं उनमें से अधिकांश की पीड़ा है कि जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से बिजली का बिल 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़कर आ रहा है। वहीं उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से जुड़ी अन्य समस्याओं से भी जूझ रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली के मासिक बिलों में बढ़ोतरी होने पर उपभोक्ता बिजली कार्यालयों में सहायक अभियंताओं को अपनी परेशानी बता रहे हैं।

उपभोक्ताओं को यह कह कर टरकाया जा रहा है कि मीटर ऑटोमैटिक है और हम कुछ नहीं कर सकते। इस तर्क के पीछे हकीकत यह भी सामने आ रही है कि सहायक अभियंताओं का एक ही टारगेट होता है कि उनके सब डिवीजन में हर महीने 100 प्रतिशत बिलिंग हो। इसलिए बिलिंग संबंधी परेशानियों को लेकर सहायक अभियंता चुप्पी साधे बैठे हैं।

उपभोक्ताओं ने जागरूक जनता को बताया कि बिल चुकाने में देरी होने का खमियाजा उठाना पड रहा है। बिना नोटिस, सूचना के कनेक्शन काट दिया जाता है और डिस्कॉम इंजीनियर मीटर उखाड़ ले जाते हैं। कनेक्शन फिर से कराने के लिए 2500 रुपए की वसूली भी डिस्कॉम इंजीनियर कर रहे हैं।

### बिना नोटिस कट रही बिजली

**स्मार्ट** मीटर लगाने के बाद बिजली का बिल बढ़कर आने लगा। पिछले बिलों से तुलना की तो अंतर समझ में आया।
**-दिनेश वर्मा,** तिरुपति नगर हल्दीघाटी मार्ग

**एक** बार बिल चुकाने में देरी हो गई तो इंजीनियर मीटर उखाड ले गए। फिर से मीटर लगाने के लिए 2500 रुपए भी वसूले गए।
**रविश गौड़,**उपभोक्ता, विद्याधर नगर

**स्मार्ट** मीटर लगने के बाद बिल ज्यादा आ रहा है। बिजली इंजीनियरों को समस्या बताई लेकिन समाधान नहीं हुआ।
**रणवीर सिंह,** उपभोक्ता, मुरलीपुरा

### विधाधर नगर के ग्रीन पार्क में रोज होता है योग



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित ग्रीन पार्क में योग एक दिन नहीं प्रतिदिन किया जाता है। यहां काफी सँख्या में वृद्ध जन युवा महिलाएं सुबह जल्दी योगा करने पार्क में आते है। सेवानिवृत्त उप जिला कलक्टर मदन सिंह चौहान ने बताया कि रोज सुबह काफी संख्या में हम सभी एक साथ योग करते है। हास्य योग नृत्य योग सभी एक पंक्ति में बैठ कर योग क्रिया करते है। सुबह पंछियों की मधुर ध्वनि और शीतल हवा में योग किया जाता है।

### हनुमान जी महाराज ने किया नौका विहार




**जयपुर @ जागरूक जनता।** नाहरी का नाका शास्त्री नगर श्री हनुमान कुंज स्थित चमत्कारेश्वर वीर हनुमान मन्दिर प्रांगण में मंगलवार को आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर मध्याह दोपहर काल में पवनपुत्र को नौका विहार कराया गया। मंदिर प्रवक्ता पुजारी धीरज कुमार पारीक ने बताया इससे पूर्व प्रातकालः महंत सुरेश पारीक के पावन सानिध्य में भगवान का सुगंधित केवड़ा व गुलाब जल से अभिषेक कर सिंदूरी चौला चढ़ाया गया। साफा, धोती, कुर्ता स्वरुप विशेष सूती पोशाक धारण करवाई गई। तत्पश्चात हनुमंत सरकार को नौका विहार कराया गया । लस्सी, पंजीरी, श्रीखण्ड, सत्तू, आमरस, शर्बत सहित विभिन्न शीतल व्यजनो का भोग भी लगाया गया ।

## 312.50 आरएल मीटर दर्ज हुआ जल स्तर

# छलकने की ओर बीसलपुर बांध

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिस रफ्तार से बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी है, ऐसे में लगता है कि इस बार भी बांध के गेट खुलने की उम्मीद ज्यादा नजर आ रही है। बांध से नियमित रूप से पानी की सप्लाई होने के बाद भी गेज लगातार बढ रहा है। अब बांध मात्र तीन कदम दूर यानी तीन मीटर ही खाली रहा है। इधर बांध में आने वाली प्रमुख नदी त्रिवेणी का गेज भी लगातार बढ रहा है। बांध की कुल भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है, जबकि मंगलवार को सुबह छह बजे तक बांध का गेज 312.50 आरएल मीटर दर्ज किया गया है। ऐसे में बांध केवल तीन मीटर ही खाली रहा है। मंगलवार सुबह टोंक जिला मुख्यालय समेत जिले के अधिकांश क्षेत्रों में 58 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि इससे पहले के 24 घंटे में 29 एमएम बारिश दर्ज हुई थी।



### त्रिवेणी नदी का गेज 2.40 मीटर तक पहुंचा

**भीलवाड़ा** सहित बांध के केचमेंट एरिया में अच्छी बारिश के चलते त्रिवेणी नदी भी बहने लगी है। सुबह छह बजे तक त्रिवेणी का गेज 2.40 मीटर पर पहुंच गया। इससे बांध में काफी पानी की आने की उम्मीद है।

### इस रफ्तार से बढ रहा बांध का गेज

16 जून- 312.45 आरएल मीटर
23 जून- 312.47 आरएल मीटर
24 जून- 312.70 आरएल मीटर

### इस बार आठवीं बार छलकने का आतुर बांध

**राजस्थान** के प्रमुख बांधों में शुमार है बीसलपुर बांध। जयपुर, टोंक व अजमेर जिले की प्यास बुझाता है। यह बांध अपने निर्माण के बाद से लेकर अब तक कुल सात बार छलक चुका है। आठवीं बार इसके छलकने की भी उम्मीद जताई जा रही है। मानसून मेहरबान रहा तो इस साल भी बांध के गेट खोले जाएंगे। बीसलपुर बांध अब केवल तीन मीटर ही खाली रहा है। मंगलवार सुबह छह बजे तक बांध में 312.50 आरएल मीटर का भराव हो चुका है। बांध की भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर की है। बीसलपुर बांध का निर्माण वर्ष 1996 में हुआ था। इस बांध के गेट पहली बार वर्ष 2004 में खोले गए थे।

### दोपहर 12 बजे की स्थिति

| विवरण | आंकड़ा |
| --- | --- |
| तिथि | 24 जून |
| समय | दोप. 12 बजे |
| बांध का गेज | 312.70 |
| बांध की क्षमता | 315. 50 |
| त्रिवेणी नदी का गेज | 2.40 मीटर |
| वर्तमान वर्षा (24 जून) | 15 मिमी |
| कुल वर्षा (अब तक) | 171 मिमी |

(मात्रा आर.एल. मीटर)



# 9 जुलाई तक प्रदेशभर में चलेंगे जनकल्याण शिविर, प्रतिदिन तहसील स्तर पर होंगे 2-3 शिविर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य सरकार जरूरतमंदों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा का आयोजन 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक प्रदेशभर में करेगी। इस विशेष पखवाड़े में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए राज्य के हर तहसील स्तर पर प्रतिदिन 2 से 3 शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े में ये होंगे 10 कार्य

- **राजस्व प्रकरणों का निस्तारणः** सीमाज्ञान, नामान्तरण एवं पत्थरगढ़ी जैसे लम्बित प्रकरणों का त्वरित समाधान किया जाएगा।
- **गरीबी मुक्त गांव योजना :** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।
- **स्वामित्व पट्टों का वितरणः** पंचायती राज विभाग ग्रामीण नागरिकों को संपत्ति पर अधिकार दिलाने के लिए स्वामित्व प्रमाण पत्र देगा।
- **जल संरक्षण के कार्यः** वर्षा जल के संचयन के लिए जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत एवं निर्माण किया जाएगा।
- **बिजली समस्याओं का समाधानः** ऊर्जा विभाग झूलते तार, खतरनाक पोलों व अन्य विद्युत समस्याओं का समाधान करेगा।
- **जल कनेक्शन वितरणः** पीएचईडी द्वारा लंबित घरेलू जल कनेक्शनों को शीघ्र स्वीकृति दी जाएगी।
- **कृषि सहायताः** ड्रिप, फव्वारा, मिनी सिंचाई उपकरणों की स्वीकृति और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया जाएगा।
- **शिक्षा व पशुपालनः** विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, क्रमोन्नयन और स्कूटी वितरण के साथ-साथ पशुओं का इलाज व टीकाकरण होगा।
- **पौधारोपण व पर्यावरणः** वन विभाग हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधे वितरित करेगा और नर्सरियों को सक्रिय करेगा।
- **खाद्य सुरक्षाः** राशन कार्ड आधार सीडिंग, ई-केवाईसी व नवीन पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया जाएगा।

### जिला कलक्टर करेंगे शिविरों की मॉनिटरिंग

**प्रत्येक** शिविर की प्रगति की जानकारी जिला कलक्टर के माध्यम से प्रतिदिन राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इससे योजनाओं की पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि इस अभियान के माध्यम से सरकार और जनता के बीच की दूरी घटे और वास्तविक लाभ ज़मीनी स्तर तक पहुंचे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की नियमित जनसुनवाई

## राज्य सरकार का सिद्धांत है 'जनसेवा ही संकल्प'-शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार'जनसेवा ही संकल्प' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई में जनता और सरकार के मध्य सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। जनसुनवाई में परिवादी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हैं तथा मुख्यमंत्री भी प्रत्येक परिवादी को आत्मीयता से सुनकर मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास पर हुई जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को व्यक्तिशः विस्तार से सुना तथा अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी परिवादियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

### मुख्यमंत्री को भेंट किया सिंदूर का पौधा

**जनसुनवाई** के दौरान भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सिंदूर का पौधा भेंट किया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए सैन्य अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को प्रदेश में कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझाव दिए, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में होंगे नए तीर्थ स्थल शामिल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में देवस्थान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की प्रगति तथा आगामी वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

मंत्री ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू करने के निर्देश दिए और 'सिंधु दर्शन यात्रा योजना' को संशोधित प्रारूप में लागू करने का निर्णय भी लिया गया। इसके अतिरिक्त, पटना साहिब (बिहार) और हजूर साहिब (नांदेड़) जैसे प्रमुख सिख तीर्थस्थलों को भी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में शामिल करने पर चर्चा की गई।मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में स्वीकृत प्रत्येक योजना व कार्य को शत-प्रतिशत समय पर पूरा किया जाए और किसी भी कार्य को अधूरा न छोड़ा जाए।

उन्होंने मंदिरों की जमीनों से अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त हिदायतें भी दीं और इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई के आदेश दिए।बैठक में बेणेश्वर धाम और गोगामेड़ी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर भी विचार हुआ। साथ ही, राजस्थान व अन्य राज्यों में स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्यों के लिए जल्द डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर समय पर काम शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्थान वाहिनी 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' के इंजन को आकर्षक स्वरूप देने का सुझाव भी रखा गया। इसके साथ ही, प्रमुख मंदिरों में सुबह-शाम की आरती के ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।




## देवनानी ने जर्मनी की संसद का किया अवलोकन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बर्लिन में जर्मनी की संसद के दोनों सदनों का अध्ययनात्मक अवलोकन किया। देवनानी ने जर्मनी की संसद की सन 1945 के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की जानकारी ली। देवनानी ने बताया कि जर्मनी की संसद के ऊपर बने हुए टावर को वहां के आमजन देखने आते हैं, जिसका पृष्ठ भाव यह है कि वहां की जनता को यह महसूस होता है कि सांसद जनता के सेवक हैं।उन्होंने बताया कि जर्मनी का संसद भवन वास्तुशिल्प और लोकतांत्रिक मूल्यों का अनूठा संगम है, जिसकी विशेषता कांच का गुंबद है जो पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का प्रतीक माना जाता है। जर्मनी की संसद के अवलोकन के दौरान संसद के वरिष्ठ अधिकारियों ने देवनानी का स्वागत किया और उन्हें जर्मन संसद की आधुनिक संरचना, संसदीय समितियों की भूमिका और सांसदों की ज़िम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। देवनानी ने बुंडेस्टाग की कार्यप्रणाली, संसद संचालन की पद्धति, समितियों की भूमिका और सांसदों के कार्य-कलापों का सूक्ष्म अध्ययन किया। उन्होंने संसद भवन के ऐतिहासिक एवं आधुनिक पहलुओं को भी समझा, जिसमें द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में लोकतंत्र की पुनः स्थापना की प्रेरणादायक गाथा शामिल है।

### इंडो जर्मन फाउंडेशन के साथ देवनानी की चर्चा

**राजस्थान** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का जर्मनी में इन्डो जर्मन फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। फाउंडेशन ने देवनानी के सम्मान में भोज का आयोजन किया। इसमें जर्मनी में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे। भारत के विभिन्न राज्यों के तकनीकी विशेषज्ञ से देवनानी ने तकनीकी प्रगति के विभिन्न पहलुओं के बारे में चर्चा की।

## अभियान चलाकर पैक्स स्तर तक करें खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच-दक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों में ऑडिट और आमसभा की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। आमसभा केवल औपचारिकता नहीं हो, बल्कि इसमें लोगों के सुझाव प्राप्त करने और नवाचारों की जानकारी देने पर फोकस किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर पैक्स स्तर तक खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच करने तथा विभाग में मॉनिटरिंग सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। दक शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों की आमसभा आयोजित करने के लिए 1 से 7 अक्टूबर तक की समयावधि निर्धारित कर सुनिश्चित किया जाए कि उक्त अवधि में शत प्रतिशत पैक्स की आमसभा अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो। साथ ही, पैक्स के सूचना पटल में वर्णित जमाओं व अन्य संबंधित जानकारियों के विवरण के साथ आमसभा के फोटो भी मंगवाए जाएं। इससे सहकारी समितियों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पास खाद-बीज विक्रय के लाइसेंस हैं, उनका आगामी दिनों में अभियान चलाकर आवश्यक रूप से निरीक्षण करवाया जाए।




## प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024: अब 6 जुलाई तक होगा परीक्षा का आयोजन

### नेट परीक्षा तिथि से टकराव वाले 3 विषयों के परीक्षा कार्यक्रम में किया संशोधन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024 अब 6 जुलाई को संपन्न होगी। आयोग द्वारा परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए परीक्षा कार्यक्रम को 2 दिन एक्सटेंड कर दिया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा तीन विषयों में यूजीसी नेट परीक्षा के आरपीएससी की परीक्षाओं से क्लेशिंग के चलते संस्कृत, राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र विषय के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा कार्यक्रम को आंशिक रूप से संशोधित किया है।

### अब यह रहेगा उक्त विषयों का परीक्षा कार्यक्रम

**ग्रुप-ए** में सम्मिलित संस्कृत विषय की परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई 2025 को प्रातः 9 से 12 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में इस परीक्षा का आयोजन 25 जून 2025 को किया जाना निर्धारित किया गया था। इस विषय के अभ्यर्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्न-पत्र की परीक्षा का आयोजन 23 जून 2025 को किया जा चुका है।

**ग्रुप-बी** में सम्मिलित समाजशास्त्र विषय की परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई 2025 को दोपहरः 2.30 से 5.30 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में इस परीक्षा का आयोजन 29 जून 2025 को किया जाना निर्धारित किया गया था। इस विषय के अभ्यर्थियों की सामान्य प्रश्न-पत्र की परीक्षा का आयोजन पूर्व निर्धारित दिनांक 26 जून 2025 को ही किया जाएगा।




### सुबह 7.00 बजे से ही निकले फील्ड विजिट पर

## नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी पदभार संभालते ही दिखे अलर्ट मोड पर

### मानसरोवर एवं सांगानेर जोन की सफाई व्यवस्था, नाला सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मानसून में अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 7 बजे फील्ड में जाकर शहर की सफाई व्यवस्था, नालों की स्थिति, पार्कों की स्थिति, फायर स्टेशन, बाढ़ नियत्रंण केन्द्रों, प्रगतिरत विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त (स्वास्थ्य) ओम प्रकाश थानवी, अधीक्षण अभियन्ता नितिन शर्मा, उपायुक्त गैराज करणी सिंह, संबंधित जोन उपायुक्त एवं अधिकारी मौजूद रहे।



2 घंटे से अधिक चले निरीक्षण में आयुक्त ने मानसरोवर एवं सांगानेर जोन क्षेत्राधिकार की सफाई व्यवस्था, प्रगतिरत विकास कार्यो को देखा। सबसे पहले आयुक्त सांगानेर पुलिया पहुंचे वहां सीएसआई, एसआई को निर्देश दिये कि सड़कों पर से कचरा निरन्तर उठना चाहिए। जहां डस्टबिन टूट गये है उन्हें ठीक किया जाये या बदला जाये। इसके बाद आयुक्त सांगानेर स्टेडियम पहुंचे वहां वर्तमान में चल रहे विकास कार्यो का जायजा लिया। आमजनता से फीडबैक लिया। पार्कों में टूटे हुये जिम उपकरणों एवं झूलों को ठीक करने के निर्देश दिये। डिग्गी मालपुरा रोड़ होते हुये मदरामपुरा कच्ची बस्ती का भी निरीक्षण किया साथ ही अधिकारियों को लॉ लाइन ऐरिया होने के कारण जल निकासी संबंधी समस्या का भी समाधान करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने मानसरोवर के शिप्रा पथ स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क, डी पार्क का निरीक्षण किया इसके बाद आयुक्त मानसरोवर के बाढ़ नियत्रंण केन्द्र पहुंचे जहां उन्होंने जलभराव संबंधी शिकायतों के रजिस्टर को देखा, मडपंप, मिटट्ी के कट्टे, आवश्यक उपकरणों की जानकारी ली साथ ही अधिकारियों को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिये।

## सम्पादकीय

# ईरान पर अमेरिकी हमले से बढ़ा वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा

बीते दिनों अमेरिकी वायु सेना के बी-2 स्टेल्थ बम वर्षक विमानों ने ईरान के उन तीन ठिकानों पर हमले किए जो परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबंधित हैं। फोर्दो, नतांज और इस्फहान नामक इन शहरों में ये परमाणु ठिकाने जमीन के बहुत नीचे स्थित हैं और इसलिए अधिकांश हमलों से सुरक्षित भी हैं। गत सप्ताह जब इजरायल ने ईरान के ठिकानों पर हमले शुरू किए तो यह माना जा रहा था कि जमीन के भीतर दबी ये परमाणु इकाइयां सुरक्षित हैं। केवल अमेरिकी बंकर बस्टर बम (जीबीयू-57) ही 60 मीटर की गहराई पर स्थित इन ठिकानों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम थे।

इस बात की काफी अटकलें थीं कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प इजरायल के लगातार अनुरोधों पर आगे बढ़ेंगे और वह करने की कोशिश करेंगे जो उसके हवाई हमले नहीं कर सके। उन्होंने अपने चुनावी वादे में कहा था कि वह अमेरिका को किसी नई जंग में नहीं शामिल करेंगे लेकिन उन्होंने ईरान पर बमबारी को लेकर भी सकारात्मक रुख दर्शाते हुए कहा है कि अमेरिका लंबे समय से ईरान को लेकर नरमी बरत रहा है। उनका यह बयान खासतौर पर परमाणु प्रतिबंध समझौते को लेकर रहा जिसे उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आगे बढ़ाया था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इन हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक दशक पीछे धकेलने जैसा वांछित परिणाम हासिल हुआ है अथवा नहीं। संवर्धित यूरेनियम की जिस छोटी सी मात्रा के लिए तथा और अधिक यूरेनियम संवर्धन की संभावना के चलते ये हमले किए थे, संभव है कि उसे पहले ही किसी नए ठिकाने पर पहुंचाया जा चुका हो, जो हमले से दूर हो। चाहे जो भी हो अगर ईरान की क्षमताओं को नियंत्रित करना प्राथमिकता थी तो भी ऐसे हमले को शायद ही जरूरी माना जा सकता हो। जंगी परमाणु हथियार के तत्व तैयार करना एक बात है और उसे इस तरह तैयार करना कि उसे मिसाइल के जरिये हमले में इस्तेमाल किया जा सके एकदम दूसरी बात है। इजरायल सार्वजनिक और निजी रूप से लंबे समय से यह कहता आ रहा है कि ईरान कुछ ही महीने में अपना परमाणु कार्यक्रम पूरा कर सकता है और इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस मौके पर अमेरिका एक बेलगाम महाशक्ति की तरह व्यवहार कर रहा है। दुनिया के बाकी देश इसी निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं कि वह अपनी शक्ति का उपयोग उन देशों पर हमले करने के लिए कर रहा है जिनके अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है। ईरान के साथ निरंतर संघर्ष से कोई हित पूरा नहीं होता सिवाय इसके कि इजरायल के मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठान को बनाए रखा जाए। वह सरकार जो फिलिस्तीनी नागरिकों पर ऐसे हमलों में शामिल है जिन्होंने दुनिया को झकझोर दिया है। इससे न तो वैश्विक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है और न ही अमेरिकी राष्टीय हित पूरे हो रहे हैं। निश्चित तौर पर यह वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ा झटका है। अमेरिका ने दिखाया है कि वह पूरी तरह अनियंत्रित व्यवहार कर सकता है। यहां तक कि वह यूरोप के करीबी सहयोगियों से मशविरा किए बिना भी कदम उठा सकता है। यह परमाणु अप्रसार के ताबूत में आखिरी कील भी साबित हो सकती है। जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं हैं मसलन यूक्रेन, ईरान आदि, उनके अस्तित्व को ही खतरा उत्पन्न हो गया है जबकि उत्तर कोरिया और इजरायल जैसे परमाणु हथियार संपन्न देश पूरी तरह बेलगाम हैं।

# कई नई तकनीकों से बदल जाएगा जीवन और जहान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



चेतेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

> स्थानीय भाषाओं को लेकर सबसे ज्यादा नवाचार गूगल कर रहा है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो गूगल का इस्तेमाल न करता होगा। अब तक गूगल कई सारे अनुवाद टूल पेश कर चुका है। अब गूगल एक ऐसी तकनीक ला रहा है, जिसकी मदद से तत्काल अनुवाद किया जा सकेगा।



अब जो नई तकनीक के साथ चलेगा, वही जीवन का पूरा आनंद ले पाएगा। नई-नई तकनीक के विकास के साथ नई-नई संभावनाएं भी लगातार आ रही हैं। यह नवाचार, आविष्कार और अत्याधुनिक तकनीक से लैस उत्पादों का नया युग है। तरह-तरह के उत्पाद अपनी क्षमताओं व संभावनाओं से हमें चौंकाते हैं, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन नई पहचान बनकर उभरे हैं। एनएफटी और मेटावर्स को भी चर्चित शब्दों की सूची में जोड़ा गया है। रोजमर्रा की जिंदगी में तरह-तरह के डिजिटल नवाचार के दाखिल होने के साथ ही विकसित हो रही अनेक तकनीकें अगले दस वर्षों में नए मुकाम पर पहुंच जाएंगी।

'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सोसायटी' पर बनी ग्लोबल एजेंडा काउंसिल' ने संकेत दिए हैं कि फिजिकल और डिजिटल दुनिया के बीच बिना किसी दिक्कत के एकीकरण होगा। इस एकीकरण से हमारे काम करने का तरीका और जीवन पूरा बदल जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में 3डी प्रिंटर का इस्तेमाल शुरू हो चुका है। इनकी मदद से अस्थि व अंग प्रत्यारोपण को सुविधाजनक बनाने का काम चल रहा है। 3डी प्रिंटर्स की मदद से शोधकर्ता इस्तेमाल योग्य कृत्रिम अंग उगाने की कोशिश में हैं। मौजूदा वक्त में घरों में ज्यादातर इंटरनेट उपयोग व्यक्तिगत होता है, पर साल 2024 तक घर पर आधे से ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल होम ऑटोमेशन के लिए होने लगेगा। कई घरेलू उत्पाद इंटरनेट की मदद से स्वचालित हो जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई ने भी हमारी दुनिया को बदलकर रख दिया है। मशीन लर्निंग और एआई से लैस तकनीक का दबदबा हो गया है। मतलब, तकनीक आपकी पसंद के अनुरूप विकसित होने लगी है। एआई मानव बुद्धि की नकल करने और छवियों, भाषण या तौर-तरीके की पहचान करने और निर्णय लेने जैसे कार्य में सहयोगी है। मशीन लर्निंग भी एआई का ही हिस्सा है। इसमें कंप्यूटर को कुछ ऐसा करने के लिए प्रोग्राम किया जाता है, जिसे वह करने के लिए प्रोग्राम्ड नहीं होते हैं। मशीन लर्निंग को तेजी से सभी प्रकार के उद्योगों में तैनात किया जा रहा है। मशीन लर्निंग मार्केट 2022 तक बढ़कर 8.81 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इसका उपयोग डाटा एनालिटिक्स, रियल टाइम विज्ञापन, नेटवर्क घुसपैठ का पता लगाने, डाटा खनन और पैटर्न मान्यता के लिए किया जाता है। ऑगमेंटेड एनालिटिक्स डाटा एनालिस्ट नया वरदान साबित हो सकता है। अनुमान है कि एक डाटा वैज्ञानिक अपने डाटा जुटाने, तैयार करने और सफाई करने में अपना 80 फीसदी समय लगा देता है। नई तकनीक बहुत समय बचाएगी।

आपने उड़ने वाली बाइक के बारे में तो जरूर सुना होगा, पर नए साल में एक कदम आगे बढ़कर आपको उड़ने वाली टैक्सी भी देखने को मिल सकती है। हेलीकॉप्टर बनाने वाली कंपनी 'बेल' एयर टैक्सी का प्रारूप भी तैयार कर चुकी है। उम्मीद है कि 2022 के अंत तक वह इसे लॉन्च भी कर देगी। इस एयर टैक्सी में चार लोगों के लिए बैठने की जगह होगी। कैब सेवा देने वाली कंपनी उबर अभी से हेलीकॉप्टर टैक्सी के साथ साझेदारी के प्रयास में लगी हुई है। टेस्ला ने सबसे पहले ऑटो-पायलट फंक्शन वाली कार बनाई थी। दुबई में ऑटो पायलट बस चल रही है। उम्मीद है, आने वाले समय में ये सुविधाएं हर जगह उपलब्ध होंगी।

स्थानीय भाषाओं को लेकर सबसे ज्यादा नवाचार गूगल कर रहा है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो गूगल का इस्तेमाल न करता होगा। अब तक गूगल कई सारे अनुवाद टूल पेश कर चुका है। अब गूगल एक ऐसी तकनीक ला रहा है, जिसकी मदद से तत्काल अनुवाद किया जा सकेगा। गूगल ने कुछ समय पहले ही इसका प्रारूप पेश किया है, यह एयरबेड 40 भाषाओं के अनुवाद में सक्षम होगा। इसमें डबल स्पीकर है, जो एक ओर से सुनने व दूसरी ओर से अनुवाद कर आपको समझाने का काम करेगा। इस साल बेजल स्क्रीन वाले फोन ज्यादा चर्चा में हैं। मोबाइल कंपनियां ऐसे फोन ला रही हैं, जिसमें टच बटन तो होता ही नहीं और कैमरा भी स्क्रीन के नीचे होता है, जो दिखाई नहीं देता। वाईफाई से भी कई गुना तेज वायरलेस सुविधा आ चुकी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# गैजेट की बेड़ियों में बंधता नौनिहाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने 660 बच्चों का दो साल तक गहन अध्ययन किया है। इस अध्ययन में पांच साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था। पता चला कि ये बच्चे एक घंटा से भी अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं। मोबाइल और टीवी का कुल समय पांच घंटे निकला। यही नहीं, इनके माता-पिता भी लगभग साढ़े छह घंटे विभिन्न गैजेट्स पर बिताते हैं। इसी अध्ययन में यह भी पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले इन उपकरणों के इस्तेमाल के आदी हो चले हैं। यह भी एक तरह का नशा ही है, जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया गया, तो यह आदत आने वाली पीढ़ियों के लिए भारी मुसीबत बन सकती है।



संतोष मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्पष्ट सलाह है कि दो साल तक के बच्चों के हाथों में गैजेट्स या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं देने चाहिए। यहां तक कि पांच साल की उम्र में भी उनका 'स्क्रीन टाइम' एक घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। लेकिन संपन्न होते घरों में यह देखने को मिलता है कि वे इसे अपनी हैसियत से जोड़ने लगे हैं, किसके बच्चे के हाथ में किस ब्रांड का कितना महंगा मोबाइल और टैबलेट है? इससे वह अन्य बच्चों से श्रेष्ठ साबित होता है। लेकिन ऐसा करते हुए वे भूल जाते हैं कि वे अपने बच्चों का आज ही नहीं, भविष्य भी बिगाड़ रहे हैं।



अभी चंद साल पहले का वाकया है। दिल्ली के अस्पताल में एक ऐसे बच्चे को दाखिल किया गया था, जो 16-17 घंटे कंप्यूटर के सामने बिताता था। वह स्कूल भी नहीं जाना चाहता था। मना करने पर इतना गुस्सा करता कि घर में तोड़-फोड़ पर आमादा हो जाता। चिंतित माता-पिता को अंततः उसे अस्पताल में दाखिल कराना पड़ा। डॉक्टरों ने धीरे-धीरे इसके कंप्यूटर देखने के समय को घटाया। बहुत लंबी देखरेख और इलाज के बाद यह बच्चा इस 'एडिक्शन' से बाहर निकला। ऐसी खबरों की अब कोई कमी नहीं, जिनमें माता-पिता द्वारा ज्यादा मोबाइल देखने से मना करने पर बच्चे ने अपनी जान दे दी। हम आसानी से यहां-वहां यह देख सकते हैं कि माता-पिता कुछ महीनों के बच्चों को मोबाइल पकड़ा देते हैं। अब तो ऐसी दलीलें भी पेश की जाने लगी हैं कि जब तक हाथ में मोबाइल न दिया जाए या टीवी पर कार्टून शो न ऑन किया जाए, उनका बच्चा न दूध पीता है, और न सोता है। कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था, जिसे माता-पिता या घर के बड़े नियंत्रित कर सकते हैं, मगर मोबाइल, टैब तो हाथ में होता है। उस पर कितना समय बिताया, यह आसानी से पता नहीं चलता। फिर अगर ये पढ़ाई का हिस्सा हो, तब कोई रोक-टोक भी कैसे की जा सकती है? एक वक्त था, जब स्कूलों में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था। लेकिन कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्टफोन की दूरी घटा दी। उन दिनों माता-पिता ऐसी शिकायत करते हुए भी पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नजर रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं? ऐसी रिपोर्टें भी आई हैं कि अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। वे अश्लील वेबसाइटों के भी बड़े विजिटर हैं। इन्हें देखकर कई बच्चे ऐसे-ऐसे अपराध को अंजाम देने लगे हैं, जिनके बारे में पहले सुना नहीं जाता था। एनसीआरबी का ताजा आंकड़ा बताता है कि साल 2020 में हत्या, बलात्कार, अपहरण समेत तरह-तरह के संगीन अपराधों में संलिप्तता के आरोपी 35,352 किशोरों में से लगभग 5,000 बच्चों ने उच्च माध्यमिक कक्षा तक की पढ़ाई की थी।

वक्त आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए। एक ऐसे समय में, जब स्कूलों में बच्चे अपना अधिक से अधिक समय टैबलेट, मोबाइल पर बिताएंगे, उन्हें स्क्रीन से कैसे दूर रखा जा सकता है? यदि समय के साथ उन्हें प्रतिस्पर्द्धा करनी है, तो नई-नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता, मगर एक संतुलन बिठाना होगा। दिक्कत यह है कि उन्हें इस 'एडिक्शन' से बचाने की अपेक्षा उन अभिभावकों से की जा रही है, जो तकनीकी रूप से शिक्षित नहीं हैं।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

## आखर आखर झरे उजियार

# किसी भी तरह का भेदभाव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

स्वामी विवेकानन्द को बचपन में नरेन्द्र नाम से पुकारा जाता था। वो बाल्यावस्था से ही बुद्धिमान और बहादुर बालक के रूप में पहचाने गए। नरेन्द्र ऐसा मेधावी तरुण था, जो 'मानो मत, जानो' शैली में विश्वास करता था। जिज्ञासु और तर्कनिष्ठ होने के कारण माँ पिताजी से भी अज़ीब सवाल करता और उन्हें हैरान कर देता था।



गोपाल प्रभाकर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

एक बार क्या हुआ, नरेन्द्र ने पिताजी के बैठकखाने में तीन हुक्के देख लिए। मालूम किया ये तीन हुक्के क्यों रखे गए हैं. किसी ने बताया एक हुक्का ब्राह्मण का, एक क्षत्रीय का और एक मुस्लिम मेहमान का। कौतुहलवश नरेन्द्र ने तीनों हुक्के से कश लगाए। तभी अचानक पिता आ गए। उन्होंने डाँटा, नरेन्द्र, ये क्या हो रहा है?

नरेन्द्र ने जवाब दिया, पिताजी ; मैं जांच रहा था कि कौन सा हुक्का बेहतर है. मुझे तो तीनों का स्वाद एक सा लगा। जब तीनों के स्वाद में फर्क नहीं है तो इंसानों में फर्क क्यों किया जाता है ?

नरेन्द्र को इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिला. उसने बड़े होकर अपना जीवन जाति, धर्म,और रंग भेद को मिटाने में अर्पित कर दिया। अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के आशीर्वाद से संपूर्ण विश्व में ज्ञानयोग की मशाल लेकर मानवता की सेवा की।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



1000 महायुग का एक कल्प होता है। मनवन्तर काल का चौदह गुना 1,29,28,000 दिव्य वर्षों (4,29,40,80,000 मानव वर्ष) का एक कल्प होता है जो ब्रह्मा का एक दिन होता है। ब्रह्मा के एक दिन में चौदह मनवन्तर बीत जाते हैं। एक मनु तथा एक इन्द्र भोग के समय को मनवन्तर कहा जाता है। इन चौदह मनुओं के नाम हैं-स्वायम्भुव, स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष, वैवस्वत, सावर्णि, दक्ष सावर्णि, ब्रह्म सावर्णि, दर्म सावर्णि, रुद्र सावर्णि, देव सावर्णि तथा इन्द्र सावर्णि। ब्रह्मा के एक दिन बीत जाने पर नैमित्तिक प्रलय होती है जो एक कल्प के बराबर ही होती है। यह ब्रह्माजी की रात्रि है. इसमें त्रिलोकी एकार्णव के जल में डूबकर नष्ट हो जाती है। इस रात्रि के बीतने पर फिर नया कल्प या ब्रह्माजी के ऐसे 360 दिनों से उनका एक वर्ष बनता है। ऐसे 50 वर्ष को एक परार्ध कहते हैं। इस प्रकार दो परार्ध यानि 50+50 मिलकर 100 वर्ष की ब्रह्मा की आयु बताई गई है। ब्रह्माजी की आयु समाप्त होने पर महाप्रलय होती है, जिसमें महा समुद्र में शेषशायी भगवान विष्णु के नाभि कमल से ब्रह्माजी की उत्पत्ति होती है। वे पुनः सृष्टि रचना का कार्य करते हैं। परब्रह्म की प्रेरणा से आदि शक्ति महामाया ब्रह्मा, विष्णु, महेश के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति स्थिति (पालन) और संहार का कार्य करती है। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

> **अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या एमएसपी बढ़ने से अब आंदोलन नहीं होगा!**

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 69 रुपए बढ़ाकर 2,369 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है। इसी तरह अन्य कई फसलों की एमएसपी भी बढ़ाई गई है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलता रहे, इसकी भी व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

सरकार का दावा है कि किसानों के हितों के लिए लगातार फैसले लिए जा रहे हैं और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उसका कहना है कि खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसका मकसद किसानों को उनकी फसल पर कम से कम एक निश्चित राशि देना है। एमएसपी की वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। वहीं सरकार का दावा है कि 2022-23 में किसानों से 60 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक धान और 26 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर करोड़ों रुपए हस्तांतरित किए गए।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए पिछली बार उन्होंने लगभग सभी फसलों की एक सूची सरकार को सौंपी थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। किसानों को फल, सब्जी, मवेशी और मछली पालन के लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



स्वेता पुत्री गिर्राज प्रजापत, सांगानेर, जयपुर


## हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 25/06/2025

**सूर्योदय** : 05:38 **सूर्यास्त** : 19:20 **चन्द्रोदय** : 04:58 **चन्द्रास्त** : 19:41 **शक सम्वत** : 1947 विश्वावसु **विक्रम संवत्** : 2082 (कालयुक्त) **अमान्ता महीना** : ज्येष्ठ **पूर्णिमांत** : आषाढ़ा **सूर्य राशि** : मिथुन **चन्द्र राशि** : मिथुन **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : अमावस्या, 16:04 तक **वार** : बुधवार **द्रिक ऋतु** : वर्षा **द्रिक अयन** : दक्षिणायन

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : मृगशीर्षा, 10:41 तक
**योग** : गांदा, 05:57 तक
**प्रथम करण** : नागा, 16:04 तक
**द्वितिय करण** : किमस्तोगना, 26:41 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:05 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:25 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:43 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:21 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:23 पी एम से |
| अमृत काल | 11:34 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:4 ए एम, जून 26 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 05:25 ए एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पश्चिम
कुंभ चक्र : मुंह

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:37 - 07:20 | उद्वेग : 19:19 - 20:36 |
| अमृत | : 07:20 - 09:03 | शुभ : 20:36 - 21:54 |
| काल काल वेला | : 09:03 - 10:45 | अमृत : 21:54 - 23:11 |
| शुभ | : 10:45 - 12:28 | चर : 23:11 - 00:28 |
| रोग वार वेला | : 12:28 - 14:11 | रोग : 00:28 - 01:46 |
| उद्वेग | : 14:11 - 15:54 | काल : 01:46 - 03:03 |
| चर | : 15:54 - 17:36 | लाभ : 03:03 - 04:20 |
| लाभ | : 17:36 - 19:19 | उद्वेग : 04:20 - 05:38 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज अमावस्या

### आज कौन सा कार्य करें

अमावस्या को पितृ कार्य और शल्य क्रिया करके उनमे सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

आषाढ़, कृष्ण, अमावस्या, 2082 बुधवार, 25 जून - 1 जुलाई, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

### राज्य वन्यजीव मण्डल की 15वीं बैठक, वन्यजीव प्रदेश की गौरवशाली पहचान

# मानसून में लगाए जाएंगे 10 करोड़ पौधे, हर गांव-शहर में बनाएं वन और वृक्ष मित्र-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वन्यजीव संसाधन राज्य की गौरवशाली पहचान है। वन्यजीवों का संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वन्यजीवों तथा जैव विविधता के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। श्री शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन्यजीव प्रबंधन के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो। इसमें जनता की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर राज्य वन्यजीव मण्डल की 15वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र के मुख्य घटक होते हैं। ऐसे में वन्यजीवों के महत्व को लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश के वन्यजीव संसाधनों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से वन्यजीव संरक्षण के संबंध में सुझाव लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन हमारी विरासत है। प्रकृति का संरक्षण पुण्य समान है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे विषयों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने लैन्टाना उन्मूलन की एसओपी का अनुमोदन किया। साथ ही, जूली फ्लोरा को अभियान चलाकर जन सहयोग से हटाने और उनके स्थान पर अन्य पौधे लगाने के निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि साइबेरियन क्रेन जैसे प्रवासी पक्षियों को पुनः राजस्थान में लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा वन्यजीव क्षेत्र में किए कार्यों के लिए सराहना की। उन्होंने संस्था प्रतिनिधियों से कहा कि वन्यजीव संरक्षण और संवर्धन की दिशा में आगे बढ़े, राज्य सरकार पूर्ण रूप से आपके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मानसून में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि हर गांव-हर शहर में वन मित्र और वृक्ष मित्र बनाए जाएं, उनके सामूहिक प्रयासों से ही प्रदेश पर्यावरण संरक्षण की दिशा में और आगे बढ़ेगा।

---

# गौतम हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर पर उत्साह से मनाया योग दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गौतम हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, मेंटल हेल्थ फाऊंडेशन एवं डॉ मेधावी न्यूट्रिफिट के संयुक्त तत्वाधान से जन जागरण हेतु गौतम हॉस्पिटल के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अमेटी यूनिवर्सिटी, ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी, अपैक्स यूनिवर्सिटी, आईआईएस यूनिवर्सिटी एवं जयपुर नर्सिंग कॉलेज, महाराजा विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के करीब 120 मनोविज्ञान के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

मनोचिकित्सा के एमेरिटस प्रो. डॉ. शिव गौतम ने मानसिक स्वास्थ्य में योग के महत्व को बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को योग एवं मनोचिकित्सा विषय पर मानसिक चिकित्सा में अवसाद एवं चिंता विक्षप्ति को नियंत्रण में करने एवं नशे की लत छोड़ने व दोबारा नशा न करने के लिए कौन से प्राणायाम व योग क्रियाओ की उपादेयता है इस पर विस्तार से समझाया। डॉ गौतम ने बताया कि न सिर्फ नशीले पदार्थों को छोड़ने बल्कि व्यवहारीय नशे जैसे कि गैम्बलिंग, स्क्रीन एडिक्शन, फूड एडिक्शन आदि को भी छुड़वाने में व रिलैप्स प्रेवेन्शन में योग की मदद ली जा सकती है। योग गुरु महेंद्र सिंह राव ने योग की महत्वता के बारे में हुये स्वस्थ जीवन का मंत्र दिया "खाओ आधा, पियो दुगना, कसरत करो तीन गुना और हंसो चार गुना" योग सिर्फ कसरत नहीं योग का महत्व है जोड़ना "आत्मा का परमात्मा से जुड़ाव"। योगी तनमय सिंह ने विभिन्न आसनों व योग क्रियायों का प्रदर्शन किया। डॉ मेधावी गौतम ने योग में संतुलित आहार के बारे में सात्विक भोजन के लिए उपर्युक्त सामग्री व योगिक आहार के विषय में बताया। गौतम हॉस्पिटल की सीईओ राजश्री गौतम ने योग की महत्वता को कविता के माध्यम से प्रेरित किया व अतिथियों को धन्यवाद दिया।

---

# हज़रत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह के नवे उर्स 24 जून से

### गंगा जमुनी तहज़ीब के साथ शास्त्रीय व राजस्थानी संगीत की बहेगी सुरों की धारा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** संसार चन्द रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हर साल की तरह इस बार भी हजरत महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह के नवें उर्स का आगाज़ 24 जून को होगा।

उर्स में हर साल हज़ारों की तादाद में देश भर से मुरीदों के अलावा शहर के विधायक गण, अधिकारीगण, समाजसेवी, हर बिरादरी की पंचायत के मोअज्जिज जिम्मेदारों,अजमेर शरीफ दरगाह कई जिम्मेदारान, बिजनेसमैन के अलावा शहर भर की कई हस्तियां पहुंचती है।तीन दिनों तक चलने वाले उर्स में गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल कायम होती है इस बार पहले दिन विदेश में देश का नाम रोशन करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए पहुंचेंगे । लोकगीत के अलावा मांड भी पेशी किया जाएगा।

सज्जादानशीन डॉ सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाज़ी ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी उर्स बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा तीन दिनों तक चलने वाले उर्स में हजारों मुरीद शिरकत करेंगे।

उन्होंने कहा इस बार उर्स में पहले बार राजस्थानी फॉक म्यूजिक की भी प्रस्तुति देने देश विदेश में फेम कलाकर आयेंगे।

इस दरगाह में हमेशा से गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल पूरी देश में रही है और बड़ी तादाद में हम वतनी भाई भी शिरकत करके अपनी मुरादे पाते है उन्होंने कहा कि इस बार ग्यारह कलाकार प्रस्तुति देंगे जिनमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सारंगीवादक साबिर खां, गुलज़ार हुसैन, जगदीश मोथिया सितार वादक, जावेद हुसैन, तनुजा शर्मा और पारीक ब्रदर्स के अलावा मशहूर कव्वाल सबरी ब्रदर्स, नदीम वारसी एंड पार्टी, दीन मो एंड पार्टी सहित कई कव्वाल पार्टी अपने कलाम पेश करेगी।नायब सज्जादा नशीन सैय्यद फैज़ उर रहमान नियाजी ने कहा कि हज़रत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक तीन दिनों तक चलने वाले उर्स में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे और हजारों की तादाद में मुरीद देश भर से आयेंगे।

उन्होंने कहा कि उर्स की तैयारी जोरो शोर से चल रही है बाहर से आनेवाले मेहमानों के ठहरने का भी इंतजाम किया जा रहा है।आखरी दिन कुल की रस्म के साथ उर्स मुकम्मल होगा।

---

# 40 वर्षों से बंद पड़ा सांगानेर मंदाऊ का श्मशान घाट, हुआ अतिक्रमण मुक्त

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सांगानेर के उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंदाऊ के ग्राम मंदाऊ में स्थित बंद पड़ा श्मशान घाट को प्रशासन के सहयोग से शमशान भूमि को जाने वाले रास्ते के लिए ग्रामवासियों के सहयोग से रास्ते के आ रही रूकावटों के लिए बारिश के दौरान भी संघर्ष जारी रखते हुए रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया। रास्ते के लिए किए गए हमारे संकल्प को आज सिद्धि मिली है। श्मशान घाट जाने वाले आम रास्ते पर गत कई वर्षों से लोगों ने अतिक्रमण कर रास्ते को अवरूद्ध कर रखा था। जिसको पीला पंजा चलाकर कराया मुक्त।इस कारण स्थानीय ग्रामीणों को जब भी कभी श्मशान घाट जाना होता तो। उन्हें अन्यत्र होकर कठिनाइयों का सामना कर जाना पड़ता था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जब भी उक्त रास्ता खोलने का प्रयास किया जाता तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी और अतिक्रमण यथावत बनी रहती थी।

ग्रामीणों ने बताया की इस सफ़लता का श्रेय बगरू के विधायक डॉ कैलाश वर्मा और सांगानेर के पार्षद 89 गिर्राज शर्मा एवं तहसीलदार, पटवारी, गिरदावर, पुलिस प्रशासन सहित सभी ग्राम वासीयों के ने दिया जाता है। उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाइयां इन की वजह से हमारे गांव के श्मशान घाट के रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया।

---

### नामजद मामला दर्ज, परिजनों ने पुलिस उपाधीक्षक से लगाई गुहार

# युवती के अपहरण के दस दिन बाद भी सुराग नहीं, कार्रवाई की मांग

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**गुड़ामालानी।** क्षेत्र के रामजी का गोल गांव से दस दिन पहले कंप्यूटर कोर्स करने गई एक 20 वर्षीय युवती का दिनदहाड़े अपहरण हो गया, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने गुड़ामालानी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, बावजूद इसके पुलिस अभी तक न तो युवती का पता लगा पाई है और न ही आरोपी गिरफ्त में आए हैं। परिजनों के अनुसार, घटना 14 जून की सुबह की है। युवती रोज की तरह सुबह 8 बजे रामजी का गोल स्थित एक कंप्यूटर सेंटर पर गई थी। करीब 11 बजे सेंटर से घर लौटते वक्त रास्ते में डाबली (सिणधरी) निवासी मिश्राराम पुत्र महिगाराम स्कॉर्पियो लेकर अपने कुछ साथियों के साथ आया और युवती को जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गया। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तुरंत गुड़ामालानी थाने में नामजद रिपोर्ट दी। लेकिन दस दिन बीत जाने के बावजूद न तो युवती की लोकेशन का पता चला और न ही आरोपी पकड़े जा सके है। परिजनों ने गुड़ामालानी पुलिस उपाधीक्षक से मिलकर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बेटी की सुरक्षित वापसी के लिए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।

---

### जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश, ऑपरेशन नोकआउट से लेकर ई-शपथ तक

# प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर शिकंजा, हर मेडिकल स्टोर पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने "नशा मुक्त जयपुर" अभियान को जनआंदोलन की पहल की है। बिना लाइसेंस के नशामुक्ति केन्द्रों पर कार्रवाई होगी और नवजीवन योजना के लाभ उचित पात्रों तक पहुंचाए जाएंगे। वहीं मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने, स्कूलों-कॉलेजों के पास तंबाकू बिक्री पर रोक और कोटपा अधिनियम के पालन की हिदायत दी गई। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों को इस अभियान को प्रभावी और धरातल पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। डॉ. सोनी ने न केवल नशे के अवैध व्यापार, उत्पादन और भंडारण पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए, बल्कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए सघन जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। तंबाकू मुक्त पुलिस स्टेशनों के पोस्टर का विमोचन करते हुए उन्होंने पुलिस विभाग, औषधि नियंत्रण विभाग, सामाजिक न्याय एवं शिक्षा विभाग को सामूहिक रूप से काम करने के निर्देश दिए।

---

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांव लांखना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भव्य आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सांगानेर के उपखण्ड क्षेत्र लांखना पंचायत के लांखना गांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांखना, वाटिका रोड लांखना में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य देवकरण गुर्जर एवं , सरपंच मनभर देवी पंचायत स्टाफ विद्यालय विकास सीमिति के सदस्य रामदयाल बैरवा, मोहनलाल शर्मा सहित करीब 125 लोगों ने भाग लिया। प्राचार्य देवकरण गुर्जर ने सभी आगंतुकों को सम्बोधित करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर जैन थे।

---

### राजस्थान रोडवेज ने जोड़ा 14वां धार्मिक स्थल, श्रद्धालुओं को बड़ी राहत

# जयपुर से कैलादेवी तक शुरू हुई एसी बस सेवा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान रोडवेज ने राजस्थान व अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोडने के लिए एसी डीलक्स बस की सुविधा उपलबध करा रहा है। अब तक करीब 13 स्थानों पर एसी डीलक्स बस की सुविधा दी जा चुकी है। अब राजस्थान रोडवेज ने एक और धार्मिक स्थल के लिए एसी डीलक्स बस की सौगात दी है। अब धार्मिक यात्रा करने वाले यात्री एसी डीलक्स बस में आरामदायक यात्रा कर सकेंगे। यह बार रोडवेज ने यह सौगात कैलीदेवी के लिए दी है। अब राजस्थान रोडवेज ने 14 स्थानों पर एसी डीलक्स की सुविधा उपलब्ध करा दी है। ऐसे में यात्री भीषण गर्मी में एसी डीलक्स में बैठकर धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकेंगे।

### 14 धार्मिक स्थानों पर ऐसी बस सेवा शुरू




राजधानी जयपुर को राज्य सहित दूसरे अन्य धार्मिक स्थलों से जोडने के लिए रोडवेज की ओर से एसी, स्लीपर और डीलक्स बसों का संचालन बढ़ाया जा रहा है। जयपुर से कैलादेवी के लिए एसी डीलक्स बस सेवा शुरू की गई। इससे करौली मदन मोहन मंदिर और कैलादेवी धार्मिक स्थल जुड गए हैं। वर्तमान में जयपुर से धार्मिक स्थल करणी माता (देशनोक), रामदेवरा, खाटूश्यामजी, विरात्रामाता, सालासर बालाजी धाम, गोवर्धन, अयोध्या धाम, गोरखपुर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, हरिद्वार, मथुरा, डिग्गी (कल्याणजी) को जोड़ा जा चुका है।

### सुबह सवा 10 बजे होगी रवाना

एसी डीलक्स रोडवेज बस सेवा का संचालन शुरू होने से करौली जिले के कैलादेवी क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा जयपुर-हिण्डौन होते हुए कैलादेवी तक नियमित रूप से चलेगी। करौली जिले में दूसरी एसी डीलक्स बस सेवा है। यह निर्णय से ना केवल क्षेत्रवासियों के आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। बता दें कि यह एसी डीलक्स रोडवेज बस जयपुर से कैलादेवी के लिए 10 बजकर 15 मिनट पर रवाना होगी। जबकि 3 बजकर 15 मिनट पर कैलादेवी पहुंचेगी। इसके चलते 10 बजे जयपुर-अलवर-जयपुर के लिए चलने वाली रोडवेज का संचालन आगामी आदेशों तक स्थगित रहेगा।

### रोडवेज में 'मेरा बस स्टैंड मेरी जिम्मेदारी' अभियान शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह द्वारा बताया गया की यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के उद्वेश्य से ''मेरी बस मेरी जिम्मेदारी'' योजना के उत्सावर्धक परिणाम आने के उपरान्त निगम के बस स्टेण्ड पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं रखरखाव सुनिश्चित करवाये जाने के क्रम में ''मेरा बस स्टैण्ड मेरी जिम्मेदारी'' व्यवस्था लागु की जाकर इस हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये है निगम के 10 बस स्टैण्डों को ऐ श्रेणी में तथा 24 बस स्टैण्डों को बी श्रेणी में तथा सी श्रेणी के 44 Operation Category के बस स्टैण्ड तथा सी श्रेणी के 57 Non Operation Category के निर्धारित किये गये है ।

## जागरूक खबरें

### भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 27 को

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** आगामी 27 जून को प्रस्तावित भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार शाम कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें रथ यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं, सुरक्षा बंदोबस्त, यातायात व्यवस्था आदि पर सुझाव आमंत्रित करते हुए आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने सभी का स्वागत करते हुए गत दिनों आयोजित बैठक में लिए निर्णयों से अवगत कराया। ओझा ने बताया कि 27 जून को जगदीश मंदिर से मुख्य रथयात्रा अपराह्न 3 बजे प्रारंभ होगी, जो घंटाघर, बड़ा बाजार, भडभुजा घाटी होते हुए पुनः मंदिर तक पहुंचेगी। इसमें शहर के विभिन्न स्थलों से आने वाली झांकियां भी शामिल होंगी।

### पंजाब के राज्यपाल कटारिया 28 से उदयपुर में

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया 28 जून से 3 जुलाई तक उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। कटारिया 28 जून को दोपहर 2.45 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके पश्चात पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। अगले दिन 29 जून को सुबह 11.30 बजे बालोतरा स्थित नाकोड़ा जी मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। कटारिया 30 जून को शाम 7.30 बजे पुनः उदयपुर आकर रात्रि विश्राम करेंगे। 1 जून को कटारिया सुबह 9 बजे आयड़ नदी पर पहुंच कर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात् 10.15 बजे महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में नवनिर्मित परीक्षा भवन के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। श्री कटारिया शाम 6.15 बजे जवाहरनगर स्थित सिंधु महल में सिंधी सेंट्रल युवा सेवा समिति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। कटारिया 2 जून को जालौर प्रवास पर रहेंगे तथा वहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। अगले दिन 3 जून को सुबह 7.50 बजे डबोक एयरपोर्ट से चण्डीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आयुष मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में "योग संगम 2025" आयोजित

# जंतर मंतर पर दिखा योग और संस्कृति का संगम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर परिसर में "योग संगम 2025" कार्यक्रम का सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने तथा आयुर्वेद और योग के समन्वित स्वरूप को व्यापक रूप से समाज के समक्ष लाने का एक सशक्त माध्यम बना।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से "योग बंधन" कार्यक्रम के अंतर्गत आमंत्रित दक्षिण अफ्रीका से आए हुए विदेशी पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों एवं अन्य देशों से आए विद्यार्थियों ने भी सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर "एक धरती, एक स्वास्थ्य" के सिद्धांत को मूर्त रूप दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान हाई कोर्ट के माननीय जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने सभी को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा आयुष मंत्रालय व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर आज एक भव्य कार्यक्रम "योग संगम" का आयोजन किया गया है। एन.आई.ए. आज पूरे देश में भारत के पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए समर्पण भाव से दिन प्रतिदिन ख्याति प्राप्त कर उच्चाइयों को छू रहा है। योग हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। यह तनाव को कम करने तथा स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में आवश्यक भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता आती है और नागरिकों को एक सकारात्मक दिशा मिलती है।"

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा "योग और आयुर्वेद, दोनों भारत की प्राचीन धरोहरें हैं जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को सुनिश्चित करती हैं। 'योग संगम' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक आत्मबल को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास है। हमें गर्व है कि आज जंतर मंतर जैसे ऐतिहासिक स्थल पर हमने वैश्विक सहभागिता के साथ एकता, शांति और स्वास्थ्य का संदेश दिया है। यह आयोजन आयुष प्रणाली की वैज्ञानिकता और विश्वसनीयता को भी पुनः स्थापित करता है।" कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप महानिदेशक दूरदर्शन सतीश देपाल राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को बधाई देता हूँ कि उन्होंने योग और आयुर्वेद जैसे विषयों को आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्तुत किया। आज का आयोजन दर्शाता है कि जब परंपरा और तकनीक का संगम होता है, तो उसका प्रभाव गहरा और स्थायी होता है। स्वस्थ वृत एवं योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गावती देवी ने कहा विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन एक जीवंत शिक्षण प्रयोगशाला जैसा रहा। 'योग संगम' न केवल शारीरिक समन्वय की अभिव्यक्ति था, बल्कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक मित्रता का सशक्त माध्यम भी बना।

कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रमुख दूरदर्शन सीमा विजय, सहायक निदेशक, दूरदर्शन राकेश जैन, सुपरिटेंडेंट, जंतर मंतर, प्रतिभा यादव, ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के चिकित्सकों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया।

### जयपुर नगर निगम ग्रेटर ने बनाया अखंड योग और यज्ञ का विश्व कीर्तिमान

# 30 घंटे अखंड योग एवं 11:15 घंटे अखंड यज्ञ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर की प्रेरणा और नेतृत्व में 21 व 22 जून को आयोजित अखंड योग एवं गायत्री यज्ञ महाअभियान ने नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। यह आयोजन इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं समापन दोनों में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया। कार्यक्रम अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ जी ने की उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में योग के बारे में अपने स्वयं के विलक्षण अनुभवों को साझा कर सभी का मार्गदर्शन किया। समापन में ओलंपिक पदक विजेता एवं क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी भाग लिया

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के तहत 21 जून को शुरू होकर 22 जून तक चला लगातार 30 घंटे का अखंड योग सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके साथ ही 22 जून को प्रातः 7.30 बजे से सायं 6.45 बजे तक आयोजित गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट के आचार्यों द्वारा कराए गए लगातार सवा ग्यारह घंटे के गायत्री महायज्ञ ने भी कीर्तिमान बनाया। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं, 102 योग संस्थाओं के योगाचार्यों तथा उनकी टीम के लगभग 1000 याजकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। शुभारंभ में देव शक्तियों का पूजन माननीय महापौर ने जोड़े से शामिल होकर किया। यज्ञ में गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम, उद्योग एवं खेलकूद मंत्री श्री के.के. विश्नोई, महापौर सौम्या गुर्जर, पतंजलि प्रतिनिधि कुलभूषण बैराठी, प्रीति जी, क्रीड़ा भारती से मेघसिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने आहुतियाँ अर्पित कीं। महायज्ञ के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक और मानसिक शुद्धि का संदेश दिया गया, बल्कि इसमें उपयोग की गई वनौषधियों और समिधा द्वारा वातावरण को भी शुद्ध किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार यज्ञ का शारीरिक स्वास्थ्य, विशेषकर फेफड़ों व श्वसन संबंधी समस्याओं पर भी सकारात्मक प्रभाव होता है। महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा, "यह आयोजन जयपुर की ओर से पूरी दुनिया को यह संदेश है कि भारत की प्राचीन परंपराएँ, योग और यज्ञ, आज भी उतनी ही वैज्ञानिक और प्रभावशाली हैं जितनी वे युगों पहले थीं।"

# क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में उत्साह से मनाया 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झोटवाडा रोड, बनीपार्क स्थित महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बीते दिनों संस्थान परिसर में मनाया गया। जिसकी थीम- "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य" थी।

इस मौके पर संस्थान प्रभारी डॉ. बी. आर. मीणा ने योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग के माध्यम से कई रोगों से बचा जा सकता है एवं स्वस्थ्य शरीर हेतु नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। संस्थान प्रभारी ने योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने के साथ मानव जाति को स्वस्थ्य रखने का संदेश दिया। संस्थान में योग कार्यक्रम की शुरूआत योग गीत एवं प्रधानमंत्री द्वारा किये गये योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी बडे स्क्रीन पर चला कर आमजनता को योग के प्रति जागरूक किया गया। योग दिवस 2025 के नोडल अधिकारी, डॉ. अविनाश कुमार जैन, अनुसंधान अधिकारी (आयु.) द्वारा इस कार्यक्रम के सुचारू आयोजन हेतु पिछले सप्ताह से ही तैयारियां की जा रही थी। कार्यक्रम में आमंत्रित मुकेश कुमार, योग अनुदेशक, राजस्थान गौ सेवा संघ, दुर्गापुरा द्वारा सभी को योगाभ्यास करवाया गया जिसमें संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारियों, भर्ती रोगियों एवं उनके परिजनो के साथ-साथ आमजनता ने भी भाग लिया। योग अनुदेशक ने बताया कि योग मानव शरीर में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शांति लाता है वर्तमान में व्यस्त जीवन चर्या में व्याप्त तनाव और अवसाद को कम करने तथा स्वस्थ्य जीवन व्यतीत करने की दिशा में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज समस्त विश्व में संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से योग को मान्यता मिली हुयी है।

संस्थान प्रभारी द्वारा योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले कार्मिकों के साथ-साथ आमजनता को योगा टी-शर्ट का निःशुल्क वितरण करते हुए पोष्टिक अल्पाहार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. भुवनेश कुमार शर्मा, डॉ. एस. के. वेदी, डॉ. मोनिका कुमारी, राकेश कुमार मिश्रा तथा संतोष कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

संस्थान प्रभारी, डॉ. मीणा ने बताया कि संस्थान के 03 अधिकारियों डॉ. अविनाश कुमार जैन, डॉ. किशोर आकाराम गवली एवं डॉ. सुहास एदुभाई चौधरी को आयुष मंत्रालय द्वारा आमंत्रित श्रीलंका, इंडोनेशिया, रूस तथा आस्ट्रेलिया के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ संपर्क अधिकारी लगाया गया था जो कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में भारत आये हुये थे जिन्होनें भारत सरकार द्वारा जयपुर के आमेर फोर्ट, सिटी पैलेस, जंतर-मंतर आदि स्थानों पर तथा देश के अन्य शहरों में आयोजित योग कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया।

### देशभर से विशेषज्ञों ने साझा किए नए शोध

# योग एवं न्यूरोथेरेपी से दर्द प्रबंधन पर वेबिनार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय एवं लाजपत राय मेहरा न्यूरो थेरेपी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की संध्या पर योग एवं न्यूरोथेरेपी के माध्यम से दर्द प्रबंधन विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन हुआ। यह वेबिनार "स्वस्थ भारत -जागरूक भारत" अभियान की ऐतिहासिक कड़ी बनकर उभरा। देशभर के विभिन्न राज्यों से जुड़े 80 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से इसमें हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने योग, न्यूरोथेरेपी, पोषण व जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से पुराने से पुराने दर्द के स्थायी समाधान पर चर्चा की।

माधव विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नेचुरोपैथी व योग के अधिष्ठाता डॉ. अनिल योगी ने शुभारंभ करते हुए कहा कि आज का दिन केवल योग का नहीं बल्कि आत्म-जागरूकता का भी है। योग व प्राकृतिक चिकित्सा मिलकर हर नागरिक को दर्द मुक्त जीवन की ओर ले जा सकते हैं।ऑल इंडिया न्यूरो थेरेपिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गांधी ने न्यूरोथेरेपी की गहराई से जानकारी देते हुए कहा कि दर्द केवल दवाइयों से नहीं जाता, शरीर की स्वाभाविक प्रणाली को संतुलित कर हम बिना साइड इफेक्ट दर्द से राहत पा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु के डॉ. कृष्ण द्विवेदी ने योग के वैज्ञानिक पहलुओं और मानसिक स्वास्थ्य पर हो रहे नवीनतम शोध प्रस्तुत किए। वहीं, शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के डॉ. मनीष कंवर ने बताया कि योग थेरेपी किस तरह संपूर्ण स्वास्थ्य को पुनः सशक्त बनाती है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब की डॉ. लखवीर लेजिया ने आधुनिक खानपान की खामियों पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि फूड कभी फास्ट नहीं होना चाहिए। प्रकृति ने हमें प्राकृतिक भोजन के लिए तैयार किया है, इंडस्ट्री प्रोसेस्ड फूड हमारे दर्द का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। लाजपत राय मेहरा न्यूरो थेरेपी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष राम गोपाल परिहार ने न्यूरोथेरेपी व योग शिक्षा के विविध कोर्सेज की जानकारी दी, साथ ही लोगों से इस पद्धति को अपनाने का आह्वान किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने देशभर में योग एवं न्यूरोथेरेपी के प्रचार-प्रसार व लोगों को दर्द मुक्त जीवन देने का संकल्प लिया। आयोजक मंडल ने इसे भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई जागरूकता क्रांति की शुरुआत बताया।

## 'स्वस्थ ग्राम, सशक्त समाज की ओर छापला में बिरला व्हाइट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन"




**छापला/भोपालगढ़ @ जागरूक जनता।** समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए बिरला व्हाइट सी एस आर की पहल पर छापला गाँव में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का माध्यम बना, बल्कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जीवनशैली सुधार की एक सशक्त शुरुआत भी बना। शिविर का शुभारंभ सुरभि महिला मंडल की सक्रिय सदस्य वनारशी चितले, आदित्य बिरला हेल्थ केयर से डॉ. रीना सांखला, डॉ. जितेंद्र गिल, नर्सिंग ऑफिसर दीपक वैष्णव और गाँव के वरिष्ठजनों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। चितले ने अपने संबोधन में ग्रामवासियों से संवाद कर स्वस्थ दिनचर्या, स्वच्छता और संतुलित जीवन-शैली को अपनाने का आह्वान किया। डॉ. जितेन्द्र गिल ने स्वच्छ एवं पोषणयुक्त आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. रीना सांखला ने स्वस्थ जीवन-शैली को नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ जोड़ते हुए खानपान में सतर्कता बरतने की सलाह दी। शिविर में लगभग 80 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें शुगर, रक्तचाप एवं अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग कर संबंधित रोगों के लिए निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

## दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़े का हुआ आगाजः महापुरा में लगा शिविर



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ग्राम पंचायत महापुरा में आयोजित सेवा शिविर में सहभागिता किया गया जिसमें बगरू के विधायक डॉ कैलाश वर्मा ने भाजपा सरकार द्वारा संचालित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में जनता की समस्याएं सुनी, उनका समाधान किया। वहीं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों से जनता को अवगत कराकर हर पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ सुनिश्चित हो। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कृषि विभाग ने किसानों को मृदा जांच प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान स्थानीय सरपंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष, सांगानेर उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी ओर गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चित्तौड़गढ़ में अंजुमन मिल्लते इस्लामिया द्वारा 220 प्रतिभाओं का सम्मान, ई-लाइब्रेरी व कंप्यूटर कक्ष शुरू



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अंजुमन मिल्लते इस्लामिया संस्थान के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की 220 होनहार प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम चित्तौड़गढ़ के इंदिरा प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उपलब्धियों के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डीआईजी स्तर के अधिकारी, मोटिवेशनल स्पीकर, सेना के कर्नल, उत्कर्ष कोचिंग संस्थान के शिक्षक, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व, कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा समाज सेवा की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि सही दिशा में परिश्रम करे तो वे समाज व देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। समारोह के पश्चात अंजुमन स्कूल परिसर में ई-लाइब्रेरी तथा अत्याधुनिक कंप्यूटर कक्ष का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने तकनीकी शिक्षा के विस्तार और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर देश भर में कार्यक्रम लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगा सम्मान


**जोधपुर @ जागरूक जनता।** आपतकाल के 50 साल पूरे होने पर जोधपुर में भाजपा 26 जून को लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करेगी। क्षेत्र के लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं ने अंतिम रूप दे दिया है। मारवाड़ कन्वेंशन सेंटर, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर, जोधपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता अश्विनी वैष्णव माननीय रेल मंत्री, भारत सरकारऔर राजेन्द्र गहलोत सांसद, राज्यसभा की अध्यक्षता में किया आयोजित किया जाएगा। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था। इस दौरान विपक्षी नेताओं सहित हजारों लोगों को जेल में बंद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। कार्यक्रम में युवा, प्रबुद्धजन और भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

### सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की योजना

# घायलों को अस्पताल पहुंचाया तो, 'राहवीर' को 25 हजार का इनाम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नागौर।** अक्सर घायलों को अस्पताल पहुंचाने के चलते किसी कानूनी पचड़े में न उलझ जाएं, लोगों की इस हिचक एवं उदासीनता के चलते बहुत से घायलों की समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण जान चली जाती है। इसी हिचक और उदासीनता को दूर करने के लिए भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटना में घायल किसी व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (घटना के एक घंटे के अंदर) में अस्पताल या ट्रोमा सेंटर पहुंचाने पर उसे 'राहवीर' योजना के तहत सरकार की ओर से 25,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। मंत्रालय ने घायलों की मदद करने वाले भले नागरिकों को 'राहवीर' की उपाधि देगी। गौरतलब है कि शुरू में यह प्रोत्साहन राशि 5 हजार थी, जिसे सरकार ने बढ़ाकर 10 हजार किया था। अब इस योजना को राहवीर का नाम देते हुए प्रोत्साहन राशि 25 हजार की है, ताकि अस्पताल से दूर होने पर भी घायलों को अच्छे वाहन से अस्पताल पहुंचाया जा सके।




### बेस्ट 10 राहवीरों को मिलेगा एक-एक लाख का पुरस्कार

सड़क सुरक्षा मंत्रालय की एक मूल्यांकन समिति, जिसके अध्यक्ष एएस/जेएस (सडक सुरक्षा) होंगे तथा जिसमें निदेशक/उप सचिव (सड़क सुरक्षा), निदेशक/उप सचिव (परिवहन) तथा सड़क सुरक्षा मंत्रालय के उप वित्तीय सलाहकार शामिल होंगे। यह समिति प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करेगी तथा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ दस राह-वीरों का चयन करेगी। उन्हें दिल्ली में एनआरएसएम के दौरान प्रत्येक को एक-एक लाख रुपए के साथ प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### एम्बुलेंस से पहुंचाने पर भी नुकसान नहीं

पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार की राहवीर योजना से गंभीर घायलों की जान बचेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति एम्बुलेंस लेकर इस सेवा में जुटता तो भी उसे फायदा होगा और घायलों को समय पर बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

### पुलिस विभाग ने जारी किए आदेश

कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्रसिंह ने 17 जून को इस संबंध में समस्त जिला पुलिस उपायुक्त व समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी कर सड़क एवं परिवहन सुरक्षा विभाग के अपर परिवहन आयुक्त के पत्र का हवाल देते हुए इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों की मदद कर अस्पताल पहुंचाने वाले भले नागरिक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'राहवीर' योजना शुरू की गई है। योजना के तहत भले नागरिक को 25 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

## जागरूक खबरें

### मरणोपरांत किया नेत्रदान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** महावीर इंटरनेशनल ने महावीर कॉलोनी निवासी भेरू लाल चंडालिया के आकस्मिक हृदयाघात से निधन होने पर उनके परिवारजन के आग्रह एवं अनिल पटवारी की प्रेरणा पर महावीर इंटरनेशनल के नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी नवनीत मोदी, सी पी जैन, हस्तीमल चंडालिया एवं एन एल भंडारी की उपस्थिति में नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र कॉर्निया उत्सर्जन का कार्य महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय के वसीम खान ने मनोज वैष्णव के सहयोग से सम्पन्न किया। प्राप्त दोनो कॉर्निया से अंधत्व का दंश झेल रहे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को अविलंब आंखों की ज्योति प्राप्त होगी।

### प्रयागराज-लालगढ़-प्रयागराज का राजगढ़ में भी होगा ठहराव

**राजगढ़ (अलवर) @ जागरूक जनता।** रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज-लालगढ़- प्रयागराज सुपरफास्ट ट्रेन का राजगढ स्टेशन पर ठहराव 25 जून से होगा। राजगढ़ विकास मंच अध्यक्ष अनिल गुप्ता, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक बजाज ने बताया कि गाड़ी संख्या 12403 / 12404 प्रयागराज-लालगढ-प्रयागराज सुपरफास्ट ट्रेन (सप्ताह में चार दिन) गाड़ी संख्या 12403 प्रयागराज -लालगढ़ सुपर फास्ट ट्रेन 26 जून को प्रयागराज से प्रस्थान कर राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुबह 10.30 बजे पहुंचेगी एवं 10.32 पर यहां से प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12404 लालगढ़-प्रयागराज सुपरफास्ट रेल सेवा 25 जून से लालगढ़ से प्रस्थान कर राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर शाम को 4.33 पर पहुंचेगी तथा 4.35 पर यहां से प्रस्थान करेगी।

**राइजिंग राजस्थान : अभी तक नौ प्लांट शुरू होने से 68 करोड़ के एमओयू आए धरातल पर, 1000 को मिला रोजगार**

# कृषि उद्योगों में 2006 करोड़ के MOU, हजारों को मिलेगा रोजगार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**पाली।** राइजिंग राजस्थान से पाली के कृषि आधारित उद्योगों में दमक आने वाली है। कृषि मंडी समिति की ओर से ही जिले में 2006 करोड़ रुपए के 53 एमओयू किए है।

इनमें से अभी तक नौ प्लांट शुरू होने से 68 करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर गए है। जिससे 1000 युवाओं को रोजगार मिला है। इन सभी एमओयू के धरातल पर उतरने के बाद 3000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। जिले में अनाज साफ करने, ऑइल मिल, हर्बल प्रोडक्ट आदि के प्लांट लगे है। वहीं खिंचिया बनाने का एक उद्योग पाली के नया गांव व मेहंदी का उद्योग सोजत में लगाने की तैयारी चल रही है।

कृषि आधारित उद्योग राइजिंग राजस्थान के तहत लगाने पर निवेशकों को कई लाभ मिल रहे है। उनको भूमि रूपांतरण के लिए चक्कर




नहीं लगाने पड़ रहे। स्वयं की भूमि नहीं होने पर कृषि मंडी में आवेदन करने पर उसके लिए भूमि की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके अलावा बिजली व पानी के कनेक्शन आदि के लिए निवेशकों को कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है। वे तय समय सीमा में पूरा करने है। निवेशक के आवेदन के बाद मंडी की ओर से रोजाना उसका फोलोअप किया जा रहा है।

> **राजइजिंग** राजस्थान के तहत कृषि आधारित उद्योग लगाने पर निवेशकों के कार्य तेजी से हो रहे है। खुद की भूमि होने पर उसका व्यवसायिक रूपांतरण जल्दी किया जा रहा है। जिससे वे उद्योग लगा सके। सभी कार्य भी ऑनलाइन पूरे किए जा रहे है।
>
> **भागीरथ प्रजापत,** सचिव, कृषि मंडी, पाली

## परमार्थ से ही मिलेगी जीने की राह-अग्रवाल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**उदयपुर।** आज जब दुनिया टकराव में उलझ रही है, ऐसे में परमार्थ ही हमें परस्पर सहयोग, सद्भाव और शांति से जीने की राह दिखाता है। यह बात नारायण सेवा संस्थान में आयोजित 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम के दूसरे दिन संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि परमार्थ मनुष्य की अपने भीतर की तलाश से शुरू होता है, जो हमें अपने से बाहर ले जाता है और दूसरों की पीड़ा को अपनी समझने की हिम्मत देता है। कार्यक्रम में राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, बिहार, उ.प्र., प. बंगाल आदि राज्यों से विकलांगता सुधार की निःशुल्क सर्जरी और मोड्यूलर कृत्रिम अंग, केलीपर लेने आए दिव्यांग और उनके परिजन उपस्थित थे।

अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य को विनम्र होना चाहिए। लेकिन समृद्धि पाकर वह अहंकार में चूर हो जाता है। यह अभिमान ही विनम्रता को खत्म तो करता ही है, अशिष्ट भी बना देता है। उन्होंने कहा कि हममें से प्रत्येक व्यक्ति संसार से मुक्त होने की इच्छा तो रखता है लेकिन अपनी तृष्णाओं को छोड़ना नहीं चाहता। जब तक हम तृष्णाओं से घिरे हैं, मुक्ति के मार्ग पर नहीं बढ़ सकते।

## यूईएम जयपुर ने बेंगलूर स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) में इंडस्ट्री कनेक्ट प्रोग्राम का किया आयोजन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**बैंगलोर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर ने प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बैंगलोर में एक प्रतिष्ठित इंडस्ट्री कनेक्ट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देश भर के जाने-माने उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया, जिससे अकादमिक-उद्योग सहयोग और संवाद के लिए एक गतिशील मंच तैयार हुआ।

यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पेशेवरों द्वारा संचालित आकर्षक सत्रों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिन्होंने वर्तमान उद्योग रुझानों, चुनौतियों और नवाचारों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। इस तरह के एक प्रतिष्ठित समारोह में अकादमिक समुदाय का प्रतिनिधित्व करना बहुत सम्मान और गर्व की बात थी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख निर्णयकर्ताओं के साथ सार्थक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम की सफलता UEM जयपुर के कॉर्पोरेट संबंध प्रकोष्ठ के अथक प्रयासों का प्रमाण है। कार्यक्रम के उत्कृष्ट समन्वय और निर्बाध निष्पादन के लिए अनीश विश्वनाथ, शंकर सिंह, राजा सरकार और सचिन पांडे के साथ साथ अनुज सेठी, प्रो. हृदय बनर्जी, डॉ. नेहा सिंह, प्रो. (डॉ.) सुब्रत चट्टोपाध्याय, अर्का मुखोपाध्याय, देबजानी रॉय, अरूप बनर्जी और सौविक सिन्हा का भी हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी सक्रिय भागीदारी और बहुमूल्य योगदान ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईआईएससी बैंगलोर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इंडस्ट्री कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन यूईएम जयपुर की शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आयोजन सहयोगात्मक उत्कृष्टता और आपसी विकास को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**सरिस्का टाइगर रिजर्व का एरिया होगा 1873 वर्ग किमी**

## सरिस्का होगा और बडा, अलवर-जयपुर वन मंडल का जंगल होगा शामिल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**अलवर।** सरिस्का टाइगर रिजर्व का एरिया अब 1873 वर्ग किमी हो जाएगा। इसमें अलवर व जयपुर वन मंडल का जंगल शामिल किया जा रहा है। सरिस्का प्रशासन ने यह प्रस्ताव सरकार को भेजा है। जुलाई तक इस प्रस्ताव पर मुहर लगने की संभावना है। सरिस्का का जंगल वर्तमान में 1213 वर्ग किमी में है। यही एरिया वर्ष 2005 से चला आ रहा है।



### 48 बाघ-बाघिन

**शुरुआत** में बाघों का यहां से सफाया हो गया था, लेकिन धीरे-धीरे कुनबा बढ़ता गया। अब जंगल में 48 बाघ-बाघिन हैं। शावकों की संख्या भी 26 पहुंच गई है। शावकों का नामकरण जैसे-जैसे किया जा रहा है, वह टेरेटरी की तलाश में बाहर निकल रहे हैं। आबादी में घुस रहे हैं। ऐसे में जंगल छोटा पड़ रहा है। इसे देखते हुए सरिस्का प्रशासन ने अलवर वन मंडल के राजगढ़, थानागाजी व जयपुर वन मंडल का कुछ एरिया सरिस्का में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा गया है। यह एरिया 660 वर्ग किमी का है।

### जंगल विस्तार के बाद यह कदम उठाए जाएंगे

**जुलाई** तक इस प्रस्ताव पर मुहर लगने की संभावना है। क्योंकि तीन से चार शावक ऐसे हैं जो अपनी टेरेटरी बनाएंगे। ऐसे में वह जंगल से बाहर निकल सकते हैं। यदि यह जंगल शामिल हो गया तो इन नए टाइगरों को नए जंगल में प्रवेश कराया जा सकता है। जंगल के विस्तार के बाद यहां वन्यजीवों को सुरक्षित एरिया मिलेगा। खुलकर सांस ले सकेंगे। बाघों में टेरेटरी का संघर्ष कम हो जाएगा। पेट्रोलिंग बढ़ जाएगी। स्टाफ की तैनाती होगी। साथ ही चौकियां खुलेंगी और नाके बनेंगे।

### सीईसी ने दिया था सुझाव

**सुप्रीम** कोर्ट की सेंट्रल एपावर्ड कमेटी ने पिछले साल सरिस्का का भ्रमण करने के बाद सुझाव दिया था कि जंगल का विस्तार जरूरी है। साथ ही सीटीएच एरिया का दोबारा निर्धारण किया जाए। सीटीएच एरिया का प्रस्ताव सरिस्का प्रशासन ने निर्धारित करके जंगल के विस्तार का प्रस्ताव सरकार को भेज दिया।

> **सरिस्का** टाइगर रिजर्व में 660 वर्ग किमी का एरिया और शामिल करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। मंजूर होते ही वन्यजीव लाभान्वित होंगे।
>
> **- संग्राम सिंह कटियार,** क्षेत्र निदेशक, सरिस्का

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित**

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वास्तविक पात्र व्यक्ति को लाभ पहुंचाना रहे प्राथमिकता- खाद्य मंत्री

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने बालोतरा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय दौरे के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, गिव अप अभियान, नये नामों को जोड़ने, लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गहन समीक्षा की।

सुमित गोदारा ने गिव अप अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर वर्ष 2022 और 2025 से लंबित आवेदनों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा हुई। उन्होंने आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की प्रक्रिया में तेजी लाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। राशन डीलरों के बकाया कमीशन और परिवहनकर्ताओं के बकाया बिल भुगतान की स्थिति की समीक्षा कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में लंबित भुगतानों को शीघ्र निपटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि इन महत्वपूर्ण हितधारकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक के दौरान उन्होने अधिकरियों को गिव अप अभियान के तहत लक्ष्य आवंटित कर उत्तरदायित्व को निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वास्तविक पात्र व्यक्ति को लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवेदनों का गहनता से जांच करें।

## मधुमेह के सम्बन्ध में सेमिनार का आयोजन

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** आचार्य तुलसी बहुउद्देश्य फाउंडेशन द्वारा श्री सांवलियाजी राजकीय चिकित्सालय परिसर स्थित जीएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में 'शुगर से आजादी आज नहीं तो कल' ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। शुगर की बीमारी से बचाव उपचार और पूरी तरह से मुक्ति दिलाए जाने के उद्देश्य से आयोजित सेमिनार को प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश वैष्णव, माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पूजा, डॉ. नेहा अग्रवाल पैथोलॉजिस्ट अभिषेक पारीक ने मधुमेह रोग के कारण और इससे संबंधित दवाइयां का मानव शरीर पर पडने वाले प्रभाव बारे में विस्तार से बताया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सीनियर लैब टेक्नीशियन बरकत खान ने शुगर की बीमारी से मुक्ति पाने के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए खान-पान और सावधानियों के बारे में बताया।

## नवीन गोदारा को मिला ज्ञान गौरव अवार्ड



**रावतसर @ जागरूक जनता।** जोधपुर में आयोजित सार्थक संगत कार्यक्रम में शिक्षा में नवाचार करने पर नवीन गोदारा को Education Excellence Award " ज्ञान गौरव " मिला । इस अवसर पर निजी स्कूलों के राष्ट्रीय संघ निसा के प्रदेश प्रभारी डॉ दिलीप मोदी, पैपा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज खैरीवाल , स्वराज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पचार, स्वयं सेवी संघ के डॉ महेंद्र कर्णावत, जोधपुर जिला शिक्षा अधिकारी ओमसिंह राजपुरोहित, क्लिक बैंक मैनेजर साक्षी व सैकड़ों स्कूल संचालक मौजूद रहे ।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया चित्तौड़गढ़ शाखा द्वारा सीए डे समारोह के अंतर्गत जिला क्लब में सीए मेंबर्स एवं विद्यार्थियों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक विनय चौधरी एवं अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन रेफरी लोकेश सोनी उपस्थित रहे। अतिथियों का पीयूष अग्रवाल, प्रकाश मुरोटिया, अंकुर गोयल, गोपाल मूंदड़ा, अशोक सोमानी एवं अर्जुन मूंदड़ा द्वारा उपरणा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष, महिला, सीए सदस्स, विद्यार्थी वर्ग के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें शानदार उत्साह के साथ खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## माधव विवि में चैयरमेन डॉ. राजकुमार का हर्षोल्लास से मनाया जन्मदिन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय मे विश्वविद्यालय के चेयरमैन एवं संस्थापक डॉ. राजकुमार राणा का जन्मदिन पूरे विश्वविद्यालय परिवार द्वारा सादगी व आत्मीयता से मनाया गया। विश्वविद्यालय के स्काउट लीडर डॉ. तौफिक खान व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विष्णु चौधरी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने बैंड बाजे के साथ चैयरमेन डॉ राजकुमार के विश्वविद्यालय आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की गई। और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । डॉ. महेंद्र सिंह परमार ने हनुमान चालीसा पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों को फल व मिठाइयों का वितरण किया गया। इस मौके पर चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने कहा कि माधव विश्वविद्यालय उनके जीवन का सपना है और यहां के छात्र उनके परिवार का हिस्सा हैं। इस स्नेह और आशीर्वाद के लिए वे सभी के हृदय से आभारी हूँ। कार्यक्रम में मंच का संचालन होम्योपैथिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ मनोज बेहरा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल, प्रेसीडेंट डॉ राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत, होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ भारती देसाई, प्रवेश विभाग के निदेशक महेंद्र सिंह गुर्जर, वत्स एकेडमी उदयपुर से डैनी सर एवं उनकी टीम, आई टी से बादल कुमार, गुलशन कुमार, अभिषेक मीणा, अशोक चारण व छात्र में विक्रम गोयल, गौरव बातम, सहित सभी संकाय प्रमुख, सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने चैयरमेन डॉ राजकुमार को उनकी जन्मदिन की बधाई दी।

**माधव विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन**

## "मनुस्क्रिप्ट राइटिंग एवं पब्लिकेशन" विषय पर विशेषज्ञों ने दिए उपयोगी सुझाव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा "मनुस्क्रिप्ट राइटिंग और पब्लिकेशन" विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को शोध लेखन की तकनीकों और अकादमिक प्रकाशन की प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर विवि चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के शैक्षणिक और शोध कौशल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. राजीव माथुर ने सभी संकाय सदस्यों को रिसर्च एंड डेवलपमेंट की दिशा में और अधिक सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया तथा ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में डॉ. जिगर सोनी, डॉ. ममता बेन सोनी, डॉ. जितेंद्र पुजारी, डॉ. पृथ्वी सिंह सोलंकी और डॉ. सुमित कुमार शामिल रहे, जिन्होंने मनुस्क्रिप्ट लेखन की विभिन्न तकनीकी पहलुओं, प्रकाशन की प्रक्रिया, जर्नल चयन और रिसर्च एथिक्स पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. प्रेनॉन बागची ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और रिसर्च कल्चर को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के समापन पर कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष संगीता सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह परमार, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. रुचि ठाकर, एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा, नारायण सिंह सोलंकी, विक्रम सुथार, कौशल बारोट, केतन राजपुरोहित, दशरथ परमार, गढ़वी अभिमन्यु, राहुल मीणा, भरत पटेल, सलीम, भारत मेघवाल और राकेश मीणा सहित कई शिक्षकों और शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। यह कार्यक्रम शिक्षकों को अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ।


## घर मंगवाएं जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886




# देवनानी ने जर्मनी में प्रवासी भारतीयों से किया जीवंत संवाद



**जयपुर @ जागरूक जनता।** बर्लिन में भारतीय दूतावास में मंगलवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रवासी भारतीयों के साथ सौहार्दपूर्ण और जीवंत संवाद किया। देवनानी के समक्ष प्रवासी भारतीयों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखें, जिन पर देवनानी ने संबंधित मंत्रीगण से समाधान कराने का आश्वासन दिया। संवाद के दौरान जर्मनी में राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष हरगोविंद सिंह राणा ने राजस्थान में एक 'भाषा पार्क' की स्थापना का सुझाव दिया, जहाँ जर्मन भाषा को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण एवं संवाद की एक नई सांस्कृतिक धारा आरंभ हो सके। उन्होंने रोजगारोन्मुखी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए युवाओं के लिए कौशल विकास और अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले प्रमाणन पाठ्यक्रमों को शिक्षा व्यवस्था में जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा जिससे प्रवास और रोजगार की दिशा में उनकी तैयारी को गति मिल सके।




HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039